शर्मा हार्डओवेर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in | हिंदी दैनिक | गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 281 | गुवाहाटी | रविवार, 12 मई, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

कल 10 राज्यों की 96 सीटों पर होगा मतदान — पेज 2
ब्लैकमेलिंग करने के आरोप में तीन पत्रकार गिरफ्तार — पेज 3
घर-घर जाकर अपील करें हमें राम भक्त चाहिए राम विरोधी नहीं : योगी आदित्यनाथ — पेज 5
गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल और बी. साई सुदर्शन की बल्लेबाजी से हैरान रह... — पेज 7

### *पीओके में पाक सरकार और सेना के खिलाफ उग्र प्रदर्शन*

# आजादी मांग रहे प्रदर्शनकारियों ने फहराया भारत का झंडा



**पेशावर।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में सरकार के खिलाफ गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है और लोगों का बिजली कटौती, महंगाई सहित सरकारी नीतियों के खिलाफ गुस्सा फूट पड़ा है। लोगों का विरोध-प्रदर्शन हिंसक और उग्र हो गया है वे सड़कों पर आ गए हैं। लोगों में सबसे ज्यादा गुस्सा पाकिस्तानी सेना और सरकार के खिलाफ है और वे उनसे आजादी की मांग कर रहे हैं। पाकिस्तानी सेना और पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बीच रावलकोट में भारतीय झंडा फहराया गया। *मुजफ्फराबाद चलो* रैली रोके जाने के बाद लोग बेहद गुस्से में हैं। पाकिस्तान विरोधी प्रदर्शनों को रोकने के लिए पीओके में धारा 144 लागू की गई है। प्रदर्शनकारियों का गुस्सा इतना बढ़ गया कि उन्होंने एक सहायक आयुक्त की पिटाई की और उनके सरकारी वाहन में आग लगा दी। हिंसक विरोध-प्रदर्शनों को देखते हुए चीनी निर्माण स्थलों और सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय बलों को तैनात किया गया है। इससे पहले, संयुक्त आवामी एक्शन कमेटी द्वारा महंगाई और बिजली संकट के विरोध में *मुजफ्फराबाद चलो* की घोषणा के बाद पाकिस्तान सरकार ने पीओके में पंजाब पुलिस और रेंजर्स को तैनात किया था। इसके बाद पुलिस ने कई नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों को गिरफ्तार किया। मीरपुर के दादयाल इलाके में प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस -शेष पृष्ठ दो पर

## शीघ्र ही पीओके भारत में शामिल होगा : डॉ. शर्मा

**गुवाहाटी (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि शीघ्र ही पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत में शामिल होगा। मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा आज तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवनाथ रेड्डी द्वारा पुलवामा हमले पर उठाए जा रहे सवाल को लेकर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भले ही तेलंगाना के मुख्यमंत्री पुलवामा हमले को लेकर सवाल उठा रहे हों, लेकिन हकीकत यही है कि आज पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में भारत का झंडा फहराया जा -शेष पृष्ठ दो पर

## बांग्लादेशी घुसपैठिए आदिवासियों के लिए खतरा : डॉ. शर्मा



**रांची।** बांग्लादेश से होने वाले घुसपैठिए सीमावर्ती राज्यों असम और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों के लिए चिंता के विषय रहे हैं। घुसपैठियों के कारण इन राज्यों के सीमावर्ती जिलों की जनसंख्या तेजी से बढ़ी है। अब असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने खुलासा किया है कि बांग्लादेश से आने वाले घुसपैठिए न केवल पश्चिम बंगाल और असम जैसे राज्यों के लिए चिंता का विषय हैं, बल्कि झारखंड में रहने वाले आदिवासियों के लिए भी खतरा पैदा कर रहे हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को झारखंड की एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए बांग्लादेश से घुसपैठ के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से झारखंड में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा पर इसके प्रभाव को लेकर अपनी चिंता जताई। शर्मा ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिए अक्सर आदिवासी महिलाओं से शादी करके जमीन हासिल कर लेते हैं और उनके अधिकारों पर नियंत्रण कर लेते हैं। असम के सीएम ने कहा कि उन्होंने इसे असम में -शेष पृष्ठ दो पर

## झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनेगी : हिमंत विश्व




**रांची (हि.स.)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा भारी बारिश और आंधी के कारण शनिवार को रांची के तमाड़ नहीं पहुंच सके। देश में चौथे और झारखंड के पहले चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन उन्हें केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए बोकारो से हेलीकॉप्टर से तमाड़ आना था लेकिन खराब मौसम ने बाधा खड़ी कर दी। इसके बाद उन्होंने मोबाइल स्पीकर से उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। तमाड़ के अमलेशा मैदान में शर्मा ने कहा कि अर्जुन मुंडा खूंटी का तो बेटा है ही, देश के आदिवासी समाज का सबसे बड़ा नेता है। अर्जुन मुंडा खूंटी के अलावा असम सहित अन्य क्षेत्रों में जाकर आदिवासी समाज का कल्याण करते हैं। देश के आदिवासियों के कल्याण के लिए -शेष पृष्ठ दो पर

## मोदी को 400 सीटें मिलीं तो देश में लव-जिहाद करने की हिम्मत किसी में नहीं रहेगी : हिमंत



**पटना (हि.स.)।** बिहार के बेगूसराय संसदीय सीट से एनडीए प्रत्याशी गिर्रिज सिंह के समर्थन में चुनाव प्रचार करने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा शनिवार को बेगूसराय पहुंचे। यहां जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने चिर-परिचित अंदाज में विरोधियों पर जमकर हमला बोला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारिफ की। हिमंत विश्व शर्मा ने पाकिस्तान और लव जिहाद का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस बार पीएम नरेंद्र मोदी को 400 सीटें मिलीं तो देश में लव-जिहाद करने की हिम्मत किसी में नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि -शेष पृष्ठ दो पर

## जब तक भाजपा है मुसलमानों को आरक्षण नहीं : डॉ. शर्मा

**गुवाहाटी (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि जब तक देश में भाजपा है मुसलमानों को आरक्षण देने का सपना नहीं देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्णाटक, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में मुसलमानों को जो आरक्षण दिया जा रहा है, भाजपा के आने के बाद वह भी समाप्त हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आरक्षण के असली हकदार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी आदि श्रेणी के लोग हैं। मुख्यमंत्री आज -शेष पृष्ठ दो पर

door graph — Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## बोस जब तक पद पर रहेंगे राजभवन नहीं जाऊंगी : ममता



**कोलकाता।** बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने राजभवन की एक महिला कर्मचारी से कथित छेड़खानी के मामले में राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस पर शनिवार को जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि जब तक बोस पद पर बने रहेंगे तक तक मैं राजभवन नहीं जाऊंगी। हुगली के सप्तग्राम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ममता ने राज्यपाल से इस्तीफे की भी मांग की। ममता ने कहा कि अगर राज्यपाल उन्हें राजभवन बुलाते हैं तो वह कतई नहीं जाएंगी, क्योंकि अब -शेष पृष्ठ दो पर

## पलटा टैम्पो और खुल गई पोल सड़क पर बिखर गए सात करोड़ नोट



**आंध्र प्रदेश।** आचार संहिता के बीच आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी में पुलिस ने 7 करोड़ रुपए जब्त किए है। दरअसल, नल्लाजर्ला मंडल के अनंतपल्ली में लॉरी की चपेट में आने से एक वाहन पलट गया जिससे यह पोल खोल गई। इसी वाहन से सात बक्सों में रखे 7 करोड़ रुपए नकद जब्त किए गए। विजयवाड़ा से विशाखापत्तनम की ओर जा रही वाहन जब पलटी तो स्थानीय लोगों ने देखा कि उस वाहन में नकदी से भरे 7 गत्ते के बक्से ले जाए जा रहे थे, जिसमें भारी कैश रखा हुआ था। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। हादसे के बाद वाहन के चालक को चोटें आईं और उसे इलाज के लिए गोपालपुरम अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। कोव्वुरू उप-विभागीय पुलिस अधिकारी के सीएच रामा राव ने मामले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नल्लाजेरला मंडल में वीरावल्ली टोल प्लाजा के पास रासायनिक चूने की बोरियों के नीचे नकदी को छिपाया -शेष पृष्ठ दो पर

## अरुणाचल में देहव्यापार गिरोह का भंडाफोड़ पुलिस ने चार नाबालिगों को छुड़ाया



**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय देहव्यापार गिरोह का हाल ही में भंडाफोड़ किया और 10 से 15 वर्ष आयु वर्ग की चार नाबालिग लड़कियों को छुड़ाया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ईटानगर के पुलिस अधीक्षक रोहित राजबीर सिंह ने यहां संवाददाताओं को बताया कि नाबालिगों को दो बहनों द्वारा पड़ोसी राज्य असम के धेमाजी से यहां तस्करी करके लाया गया था। उन्होंने बताया कि दोनों बहनें ईटानगर में एक ब्यूटी पार्लर चलाती हैं। उन्होंने बताया कि यहां निकट चिंपू में नाबालिग लड़कियों से देहव्यापार -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*विद्या सबसे अनमोल धन है; इसके आने मात्र से ही सिर्फ अपना ही नही अपितु पूरे समाज का कल्याण होता है।*

– **ईश्वर चंद्र विद्यासागर**

### न्यूज गैलरी

## अफगानिस्तान में बाढ़ से 300 से ज्यादा लोगों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान में भारी बारिश के चलते आई विनाशकारी बाढ़ से 300 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। उत्तरी प्रांत बाघलान में बाढ़ के कारण 1000 से ज्यादा घर ध्वस्त हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने शनिवार को कहा कि पिछले -शेष पृष्ठ दो पर

## शहजादे को अपनी उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी : नरेंद्र मोदी



**चतरा (झारखंड) (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को चतरा जिले के सिमरिया-टंडवा में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और झामुमो पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि लोगों की भीड़ बता रही है कि चार जून को क्या नतीजे आएंगे। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन वाले पहले ही हार मान चुके हैं। मोदी ने चतरा लोकसभा सीट से कालीचरण सिंह और हजारीबाग से मनीष जायसवाल के पक्ष में वोट मांगे। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे को अपनी उम्र से भी कम सीट मिलने जा रही हैं। साथ ही कहा कि पूरा गठबंधन सिर्फ इस बात की कोशिश कर रहा है कि उन्हें विपक्ष का दर्जा मिल जाए। मोदी ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। यहां नेताओं के पीएस के घर से भी नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब पीएस और उसके नौकर के घर में -शेष पृष्ठ दो पर


## देश में 28,200 मोबाइल फोन ब्लॉक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रौद्योगिकी विभाग, गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस ने दूरसंचार संसाधनों का दुरुपयोग करने वाले साइबर अपराधों और वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने के लिए हाथ मिलाया है। संयुक्त प्रयास का उद्देश्य धोखेबाजों के आपराधिक नेटवर्क को नष्ट करना और आम नागरिकों को डिजिटल खतरों से बचाना है। केंद्रीय गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस द्वारा विश्लेषण के बाद जारी आंकड़ों के अनुसार, साइबर अपराधों को अंजाम देने के लिए 28,200 मोबाइल हैंडसेट का दुरुपयोग -शेष पृष्ठ दो पर

## मोदी 2029 तक ही नहीं उससे आगे भी देश का नेतृत्व करते रहेंगे : अमित शाह

**हैदराबाद/नई दिल्ली (हि.स.)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिटायरमेंट को लेकर अरविंद केजरीवाल के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल और इंडी अलायन्स वालों को खुश होने की जरूरत नहीं है। मोदी 2029 तक ही नहीं, उससे आगे भी भाजपा और देश का नेतृत्व करते रहेंगे। अमित शाह लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को हैदराबाद में पत्रकार वार्ता में कहा कि मैं अरविंद केजरीवाल एंड कंपनी और पूरे इंडी गठबंधन से यह कहना चाहता हूं कि मोदी 75 साल के हो जाएं, इससे आपको आनंदित होने की जरूरत नहीं है। भाजपा के संविधान में ऐसा कुछ भी नहीं लिखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ही इस कार्यकाल को पूरा करेंगे और भविष्य में भी मोदी ही देश का नेतृत्व करते रहेंगे। इसको लेकर भाजपा में कोई असमंजस नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस और उसके सहयोगी हैं, जो 12 लाख करोड़ -शेष पृष्ठ दो पर

## धरती से टकराया सौर तूफान, लाल रोशनी से नहाया लद्दाख



**नई दिल्ली।** सूर्य से पृथ्वी की ओर बढ़े सौर चुंबकीय तूफानों के कारण लद्दाख के *हेनले डार्क स्काई रिजर्व* में आसमान गहरे लाल रंग की चमक से रोशन हो गया। सेंटर आफ एक्सीलेंस इन स्पेस साइंसेज इन इंडिया (सीईएसएसआई), कोलकाता के वैज्ञानिकों के अनुसार, सौर तूफान सूर्य के एआर13664 क्षेत्र से निकलते हैं, जहां से पूर्व में कई उच्च ऊर्जा सौर ज्वालाएं उत्पन्न हुई हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार इनमें से कुछ 800 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से पृथ्वी की ओर बढ़ीं। उत्तरी गोलार्ध के उच्च अक्षांशों में आसमान शानदार ऑरोरा या *नार्दन लाइट्स* से जगमग हो गया जिसकी तस्वीरें और वीडियो ऑस्ट्रिया, जर्मनी, स्लोवाकिया, स्विट्जरलैंड, डेनमार्क और पोलैंड के *स्काईवॉचर्स* ने सोशल मीडिया पर साझा किए। लद्दाख में, हेनले डार्क स्काई रिजर्व के खगोलविदों ने शुक्रवार देर रात लगभग एक बजे से आकाश में उत्तर-पश्चिमी क्षितिज पर एक लाल चमक देखी जो सुबह होने तक जारी रही। हेनले डार्क स्काई रिजर्व के इंजीनियर स्टैनजिन नोर्ला ने कहा कि हम भाग्यशाली थे कि हमने नियमित दूरबीन अवलोकन के दौरान अपने ऑल-स्काई कैमरे पर ऑरोरा गतिविधियां देखीं। उन्होंने कहा कि क्षितिज के किनारे किसी उपकरण की मदद के बिना भी एक हल्की लाल चमक दिखाई दे रही थी और इस घटना की तस्वीर हानले डार्क स्काई रिजर्व में -शेष पृष्ठ दो पर

DAFFODIL GROUP OF INSTITUTIONS, DMET, KHETRI, KAMRUP(M), Estd:2020
DAFFODIL GROUP OF INSTITUTIONS
Affilated Under Assam Science & Technology University, Guwahati
ADMISSION OPEN 2024
Bsc (Hons) HORTICULTURE
Bsc (Hons) AGRICULTURE
FOR ADMISSION : +91 9854323400 / +91 70020 52356
ADDRESS: VIDYANAGAR, KHETRI, ASSAM - 782403
Web: www.daffodilhorticol.com/ Email : daffodilhorticol@gmail.com

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

**AFFIDAVIT**

I, Shipra Nath, W/o. Lt. Joydeb Chandra Nath, D.O.B. 19-06-1968 Presently resident at Vill. : Das Colony (Balighat), P.O. - Arunachal, P.S.- Silchar, Dist. Cachar, Assam declare vide an affidavit at Silchar, Cachar, Assam that my actual name is **SHIPRA NATH** and my original DOB is **19-06-1968** which is recorded in all documents. But in my husband Pension document and army service document has been publish wrongly as Sipro Rani DOB 07-02-1967. I do hereby declare that Shipra Nath and Sipro Rani is same and one person i.e. me.

## चौथे चरण का चुनाव प्रचार थमा

# कल 10 राज्यों की 96 सीटों पर होगा मतदान

**नई दिल्ली।** लोक सभा चुनाव के चौथे चरण में दस राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर प्रचार अभियान शनिवार छह बजे थम गया। चौथे चरण का मतदान सोमवार 13 मई को कराया जाएगा जिसमें 1717 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। कुल सात चरणों के इस चुनाव में चौथे चरण के मतदान के साथ आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित 18 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की सभी लोक सभा सीटों पर मतादन कराने का काम काम पूरा हो चुका होगा। सभी क्षेत्रों की मतगणना एक साथ कराई जाएगी। चुनाव आयोग ने चौथे चरण की वोटिंग को लेकर पूरी तैयारियों कर ली है और इसमें मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। चौथे चरण के मतदान के साथ कुल 543 सीटों में से 379 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया खत्म हो जाएगी। पहले चरण में 102, दूसरे में 88, तीसरे में 93 संसदीय क्षेत्रों में चुनाव कराए गए। पांचवें, छठे ओर सातवें चरण में क्रमश: 20 मई, 25 मई और एक जून को मतदान कराए जाएंगे। मतगणना चार जून को होगी। चाथे चरण में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी इंडिया समूह के स्टार प्रचारकों के अलावा घटक दल के नेताओं ने सार्वजनिक सभाओं और रोड-शो आदि के माध्यम से जम कर प्रचार किया। निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के लिए चुनाव आयोग की व्यवस्था के अनुसार सार्वजनिक प्रचार अभियान मतदान खत्म होने के 48 घंटे पहले बंद कर दिया जाता है। इसके बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक निजी स्तर पर घर-घर जाकर मतदाताओं का समर्थन जुटाते हैं। चौथे चरण में 13 मई को आंध्र प्रदेश की सभी 25, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश की आठ-आठ, बिहार की पांच, ओडिशा तथा झारखंड की चार-चार और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर एक सीट पर वोट डाले जाएंगे। चौथे चरण के चुनाव में मोदी सरकार के पांच बड़े मंत्रियों, एक पूर्व मुख्यमंत्री, दो क्रिकेटर और एक अभिनेता समेत कई दिग्गज राजनेताओं की किस्मत तय होगी। आंध्र प्रदेश में लोकसभा के साथ साथ विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। वहां भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की पार्टी तेलुगू देशम पार्टी के साथ गठबंधन किया है। तेलंगाना के हैदराबाद से भारतीय जनता पार्टी की माधवी लता, बिहार के बेगुसराय से गिर्रिज सिंह, उजियारपुर से गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, हैदराबाद से एआईएमआईएम के असदुद्दीन औवेसी, उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी, कन्नौज से समाजवादी पार्टी से अखिलेश यादव, मुंगेर से जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, झारखंड के खूंटी से अर्जुन मुंडा, पश्चिम बंगाल के आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा, बहरामपुर से अधीर रंजन चौधरी और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान समेत कई दिग्गजों के चुनावी भाग्य का फैसला होगा।



## मणिपुर में प्रीपाक ( प्रो ) उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद की बरामदगी के साथ ही उग्रवादियों के पकड़े जाने का सिलसिला भी लगातार जारी है। इसी सिलसिले में सुरक्षा बलों के अभियान में एक प्रीपाक (प्रो) संगठन के कैडर को पकड़ा गया। मणिपुर पुलिस ने आज बताया कि पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले से प्रीपाक (प्रो) संगठन के जिस सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया है, उसकी पहचान इंफाल पश्चिम के हुइड्रोम मिशाल सिंह (24) के रूप में हुई है। उसके पास से एक 9 मिमि पिस्तौल, मैगजीन के साथ चार जिंदा कारतूस, एक मोबाइल फोन, एक चार पहिया वाहन और कुछ आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद की गईं। आगे की जांच के लिए मामला दर्ज कर लिया गया है।

## दिन-दहाड़े चोरी, दो गिरफ्तार

**नगांव ( हिंस )।** नगांव जिले के जुरिया थाना क्षेत्र इलाके में दिन-दहाड़े पिस्तौल की नोंक पर चोरी की वारदात को अंजाम दिए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार को पांच हथियारबंद चोर इलाके में स्थित इंद्र बोरा के घर में प्रवेश कर घर में मौजूद महिला के सिर पर पिस्तौल तान दी। इस दौरान नगद रुपए, सोने-चांदी के गहनों के अलावा अन्य सामान चुराकर फरार हो गये। चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद सभी चोर मौके से फरार हो होने की कोशिश की। इस बीच महिला ने शोर मचा दिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने दो चोरों को दौड़ा-दौड़ाकर पकड़ लिया। जबकि, अन्य तीन चोर फरार हो गए। दोनों चोरों की स्थानीय लोगों ने बुरी तरह पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। घटना के समय इंद्र बोरा के घर के सभी पास में ही भागवत पाठ में हिस्सा लेने गए हुए थे।

## मोबाइल छीनने के आरोप में एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी पुलिस ने पांडु अदाबारी रोड इलाके से मोबाइल छीनने वाले एक गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया है। जबकि, उसका साथी फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने शनिवार को बताया कि बीती रात एक झपटमार को पांडु अदाबारी रोड पर एट व्यक्ति से मोबाइल हैंडसेट छीनते समय रंगे हाथों पकड़ा गया। अन्य एक आरोपित जो चोरी किए गए मोबाइल हैंडसेट के साथ भागने में सफल रहा। पकड़े गए आरोपित की इकबाल खान (29, जलुकबारी) के रूप में की गई है। पुलिस ने झपटमारी के लिए व्यवहार की गयी एक बाइक को भी जब्त किया है।

## जमीन विवाद के चलते एक व्यक्ति की मौत

**दरंग ( हिंस )।** दरंग जिला मुख्यालय शहर मंगलदै के एक नंबर मगुरमारी चर (नदी के मैदानी इलाके) में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति की बड़ी बेरहमी से हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों ने आज बताया कि जमीन की सीमा को लेकर आरिफुद्दीन अली नामक व्यक्ति की बड़े ही बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। मृतक के परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर हत्या में शामिल आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस अभियान चला रही।

## दो ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार

**नगांव ( हिंस )।** नगांव जिले के रुपहीहाट इलाके में पुलिस ने अलग-अलग अभियान के दौरान दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि रुपहीहाट के कचुगांव और तमूलीटूप में दो अलग-अलग अभियान के दौरान दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

## इटली के लोग ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करें : पोप फ्रांसिस



**रोम।** पोप फ्रांसिस ने इटली के लोगों से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील की है। पोप ने लोगों को आगाह किया कि देश का जनसांख्यिकीय संकट भविष्य के लिए खतरा है। पोप ने परिवारों की मदद के लिए दीर्घकालिक नीतियां बनाने की भी मांग की है। उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जन्म की संख्या लोगों की उम्मीदों को दर्शाती है। बच्चों और युवाओं के बिना एक देश की भविष्य के प्रति कोई आकांक्षा नहीं रह जाती। इटली में जन्म दर पहले ही काफी कम है और यह 15 वर्षों से लगातार गिर रही है। यह पिछले साल रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। देश में पिछले वर्ष 3,79,000 शिशुओं का जन्म हुआ। वेटिकन के मजबूत समर्थन से इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सरकार ने 2033 तक सालाना कम से कम 5,00,000 शिशुओं के जन्म को प्रोत्साहित करने के लिए अभियान शुरू किया है। बीते साल इटली सरकार की ओर से जारी एक रिपोर्ट में चौंकाने वाली बात सामने आई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि इटली 15 से 49 साल की औरतों की कमी से जूझ रहा है। जिसका मतलब है कि इस देश में प्रजनन की उम्र वाली महिलाओं की कमी हो गई है, जिसकी वजह से ये समस्या खड़ी हुई है।

### *मतदान और मतदाता*



अगर बचाना चाहते, लोकतंत्र का मान।
आगे बढ़कर कीजिए, अपने मत का दान।
अपने मत का दान, करे जब हर मतदाता।
लोकतंत्र पर गर्व, करे तब भारत माता।
कहे *दीप* मतदान, केंद्र तक चलकर जाना।
चुनना नेता श्रेष्ठ, राष्ट्र है अगर बचाना।।

प्रदीप कुमार *दीप*

## *पृष्ठ एक का शेष*

### *आजादी मांग रहे ...*

के गोले दागे जाने के बाद विरोध प्रदर्शन उग्र हो गया। मुजफ्फराबाद, मीरपुर और पीओजेके के अन्य इलाकों में बंद का माहौल है और वे मुजफ्फराबाद जाने की योजना बना रहे हैं। लोग कर्फ्यू का विरोध कर रहे हैं। पीओके के मीरपुर में पुलिस ने स्कूली छात्रों पर आंसू गैस के गोले दागे, जिसमें कई छात्र घायल हो गए। इसके जवाब में पाकिस्तान के मुजफ्फराबाद में लोग आज विधान सभा के बाहर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। पीओके की सबसे बड़ी पार्टी यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (केपीएनपी) ने प्रदर्शन में हुई गिरफ्तारी पर सवाल उठाया है। पार्टी ने कहा कि पुलिस और सेना ने मिलकर गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों पर लाठियां भांजी हैं। केपीएनपी के लीडर शौकत अली कश्मीरी और नासिर अजीज खान ने गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों की तत्काल रिहाई की मांग की। केपीएनपी ने संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार संस्था से बिना देर करें हस्तक्षेप करने की मांग की है। पीओके में खराब स्थिति को लेकर खुद पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने ये बात मानी है कि वहां लगातार मानवाधिकार का उल्लंघन हो रहा है। पिछले महीने भी लोगों ने बढ़ती महंगाई के विरोध प्रदर्शन किया था।

### *शीघ्र ही पीओके...*

रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ ही समय में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत में शामिल हो जाएगा। मुख्यमंत्री आज बिहार के बेगूसराय में भाजपा उम्मीदवार गिरिज सिंह के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक भाजपा ही वह पार्टी है जो देश को स्थाई सरकार दे सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बिहार के लोगों की जनाकांक्षा को पूरा कर सकती है। मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 400 से अधिक सीटों के साथ तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी और देश में शुरू हुई विकास की प्रक्रिया जारी रहेगी। सभी अधूरे कार्यों को पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आज पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में भी एक चुनावी सभा को संबोधित किया।

### *बांग्लादेशी घुसपैठिए आदिवासियों ...*

प्रत्यक्ष रूप से देखा है, जहां 40 प्रतिशत आबादी बांग्लादेशी घुसपैठियों की है। यह स्थिति पश्चिम बंगाल की तरह है। हमारे भविष्य की सुरक्षा के लिए झारखंड में इसी तरह की स्थिति को रोकना महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, हमें इसके खिलाफ बोलना चाहिए। झारखंड में जबरन धर्मांतरण इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए केंद्र में भाजपा सरकार का चुनाव करना आवश्यक है। शर्मा शनिवार को केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा के लिए प्रचार करने के लिए खूंटी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तमाड़ पहुंचने वाले थे, लेकिन खराब मौसम के कारण कार्यक्रम स्थल तक नहीं पहुंच सके और बाद में अपने मोबाइल फोन के माध्यम से लोगों को संबोधित किया। झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार की असम के सीएम ने आलोचना की। उन्होंने कहा कि झारखंड में बरामद की जा रही नकदी दर्शाती है कि यहां कितना भ्रष्टाचार है। जब एक मंत्री के निजी सचिव की घरेलू मदद से 35 करोड़ रुपए की वसूली की जा सकती है, तो यह किस पैमाने को दर्शाता है। सीएम विश्व ने कहा कि मैं आपसे यहां से भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए भाजपा को वोट देने की अपील करता हूं। बता दें कि हाल में छापेमारी के दौरान मंत्री के ओएसडी के पास से करोड़ों रुपए जब्त किए गए थे। उसके बाद ईडी के अधिकारियों ने खुद मंत्री के कार्यालय में छापेमारी की थी। वहां से भी लाखों रुपए नकद जब्त हुए थे। बता दें कि झारखंड के खूंटी में 13 मई को पोलिंग है। 2019 में इस सीट पर बीजेपी के उम्मीदवार और पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा ने कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को हराकर 1,445 वोटों के मामूली अंतर से सीट जीती थी। बाद में वह केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए गए थे।

### *झारखंड में डबल ...*

अर्जुन मुंडा को जीतना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आप देख रहे हैं कि झारखंड में क्या चल रहा है। कुछ दिन पहले मंत्री के पीएस के नौकर के घर से ईडी को 35 करोड़ रुपए मिले। इससे आप समझ सकते हैं कि मंत्री के घर में कितना कैश मिलेगा। शर्मा ने कहा कि अर्जुन मुंडा जीत कर जाएंगे तो मंत्री बनेंगे। इसके बाद झारखंड में भी भाजपा की सरकार बन जाएगी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठी आदिवासी इलाकों में घुसकर आदिवासी बहनों से शादी करते हैं और उसके बाद आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर लेते हैं। झारखंड में जितना कन्वर्जन चल रहा है, उनके खिलाफ भी हमें आवाज उठाने की जरूरत है। शर्मा ने कहा कि देश में भाजपा की सरकार बनेगी। इसके आगे झारखंड में डबल इंजन सरकार बनेगी। हम लोग सब मिलकर झारखंड के कल्याण के लिए, झारखंड की अस्मिता के लिए और झारखंड के विकास के लिए काम करेंगे। उन्होंने जनसमूह से अनुरोध किया कि अर्जुन मुंडा की जीत तय हो। देश और आदिवासी समाज को अर्जुन मुंडा की जरूरत है। आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि ये चुनाव हमारे लिए नकारात्मक सोच वालों से लड़ाई का है। समाज को तोड़ने वाली शक्ति के खिलाफ है। ये चुनाव राष्ट्रीय चुनाव है। देश कौन चलाएगा और देश को प्रगति पथ पर कौन ले जाएगा, इसका चुनाव है। फूल छाप और एनडीए को वोट देने पर प्रधानमंत्री कौन बनेगा, यह घर-घर के लोग जानते हैं। इंडी गठबंधन को वोट देने पर प्रधानमंत्री कौन बनेगा, यह कोई नहीं जानता। महतो ने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है। झामुमो और कांग्रेस झारखंड में आदिवासी और जनजातीय समाज को बढ़ने नहीं देना चाहती। इंडी के जो प्रत्याशी हैं, वह 13 तारीख के बाद कहीं नहीं दिखने वाले। इससे पहले भी उन्होंने चुनाव लड़ा.. उसके बाद भी वह कहीं नहीं दिखे। इस बात की गारंटी है कि खूंटी सीट जीत कर अर्जुन मुंडा जाएंगे, तो वहां पर मंत्री बनेंगे। अर्जुन मुंडा ने कहा कि झारखंड और देश में जो राजनीति चल रही है, जिस तरीके से झारखंड को लूटा जा रहा है और मंत्री के पीएस के नौकर के घर से करोड़ों नकदी मिल रहे हैं, तो मंत्री का क्या हाल है और बाकी मंत्रियों का क्या हाल है, यह सहज समझा जा सकता है। इस हालत के लिए झारखंड बना था क्या? ये लुटेरों की जमात है। इन लुटेरों से झारखंड और देश को भी बचाना है। राज्य में लूट का धंधा चल रहा है। यह धंधा बंद होना चाहिए। इसके लिए तमाम लोगों को विकास के साथ आगे बढ़ने का मौका मिलना चाहिए। हर घर में मुस्कान होनी चाहिए। मोदी सरकार एफआरए नियम लागू करने का काम कर रही है।

### *मोदी को 400 सीटें ...*

पहले पाकिस्तान के लोग आकर भारत में बम फेंकते थे लेकिन पीएम मोदी ने दो बार पाकिस्तान पर बम फेंक दिया तो अब कोई आता है क्या? ऐसे ही दो-चार लव जिहाद वालों के टांग तोड़ देंगे तो जिंदगी में कोई लव जिहाद करने की हिम्मत नहीं करेगा। इस देश के अंदर से जो भी गलत चीजें है, वह खत्म हो सकें, इसके लिए हमें मोदी की सरकार चाहिए। हिमंत ने कहा कि यदि देश हिंदू राष्ट्र हो जाता है तो बहुत सी समस्याओं का अपने आप समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हम तो तीन शादियां नहीं करते हैं। आप देश को हिंदू बना दो, देश की बहुत सारी समस्याएं हिंदू ही हल कर लेगा। हिमंत ने कहा कि धर्म और संप्रदाय का मुद्दा हमारे देश में हमेशा रहा है। हमारे देश का विभाजन भी धर्म के आधार पर हुआ था। उन्होंने कहा कि जब देश सनातन हो जाएगा तो बेरोजगारी भी अपने आप रास्ता ले लेगी। हाल में सुर्खियों में रही एक रिपोर्ट की ओर इशारा करते हुए हिमंत ने पूछा कि आज किस कौम की आबादी बढ़ रही है? 45 फीसदी आबादी किसकी बढ़ी है? हिंदू की आबादी तो नहीं बढ़ी है।

### *जब तक भाजपा है ...*

बिहार के बेगूसराय में एक चुनावी कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन मुसलमानों को आरक्षण देने के लिए पिछले दरवाजे से काम कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुसलमान आरक्षण के हकदार नहीं है, क्योंकि धार्मिक आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आरक्षण के जो असली हकदार हैं उन्हें ही आरक्षण मिलनी चाहिए।

### *बोस जब तक ...*

उनके पास बैठने में डर लगता है। सड़क पर बुलाने पर चली जाऊंगी, पर बोस के रहते राजभवन नहीं जाऊंगी। मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि उनके हाथ राजभवन का एक ऐसा पेन ड्राइव लगा है, जिसमें राज्यपाल का पूरा कुकृत्य है। ममता ने कहा कि उन्होंने दो मई को कथित घटना के दिन की पूरी फुटेज देखी है और इसकी सामग्री चौंकाने वाली है। ऐसे राज्यपाल को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। ममता ने राजभवन द्वारा आम लोगों को दिखाए गए दो मई के सीसीटीवी फुटेज को लेकर भी निशाना साधते हुए कहा कि एडिट करके कुछ वीडियो दिखाए गए हैं। जो एडिट किया गया है, वह वीडियो भी मेरे पास है। ममता ने कटाक्ष करते हुए कहा कि राज्यपाल कहते हैं कि दीदीगिरी (अत्याचार) बर्दाश्त नहीं की जाएगी...लेकिन मैं कहती हूं श्रीमान राज्यपाल, आपकी दादागिरी अब और नहीं चलने वाला है। बता दें कि राजभवन की एक अस्थाई महिला कर्मचारी ने दो मई को कोलकाता के हेयर स्ट्रीट थाने में शिकायत दर्ज कराकर आरोप लगाया था कि राज्यपाल ने उसके साथ छेड़खानी की कोशिश की। छेड़खानी का आरोप लगने के बाद राज्यपाल ने बीते गुरुवार को राजभवन में करीब 100 आम लोगों को राजभवन परिसर से जुड़े दो मई के करीब एक घंटा 19 मिनट के सीसीटीवी फुटेज दिखाए थे। हालांकि, ममता व पुलिस को यह देखने की अनुमति नहीं थी। तृणमूल इस फुटेज को नाटक बता रही है। दूसरी तरफ, राज्यपाल महिला के आरोपों को खारिज करते हुए इसे चुनाव में लाभ लेने के लिए राजनीतिक साजिश बता रहे हैं। राज्यपाल ने कहा था कि सत्य की जीत होगी।

### *पलटा टैम्पो और...*

गया था। इसका पता तब लगा जब एक ट्रक ने हल्के एलसीवी को पीछे से टक्कर मार दी और वह पलट गया। हादसे में एलसीवी पलटने के बाद नकदी से भरे बक्से मिले। राव ने बताया कि नकदी से भरा वाहन हैदराबाद के नचाराम से मंडापेटा की ओर जा रहा था। नकदी बॉक्स रासायनिक चूने की बोरियों के बीच रखे हुए थे। ये सात बॉक्स थे और प्रत्येक बॉक्स में एक करोड़ रुपए थे। वाहन के चालक के वीरभद्र राव का पैर टूट गया और उनकी आंख पर चोट लग गई, जिससे पुलिस को आगे बढ़ने और गिरफ्तारी करने से पहले उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाना पड़ा। पुलिस ने आईपीसी की धारा 338 के तहत दुर्घटना का मामला दर्ज किया और नकदी आयकर विभाग को सौंप दी। इस बीच, पुलिस नकदी की उत्पत्ति और इसके पारगमन के पीछे के लोगों की जांच कर रही है। आंध्र प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों पर विधानसभा चुनाव के साथ 13 मई को चुनाव होंगे।

### *अरुणाचल में देहव्यापार ...*

करवाने वाले गिरोह के बारे में पुख्ता जानकारी मिलने के बाद पुलिस दल ने चार मई को तेची रीना और जामलो तागुंग के घर पर छापा मारा और दो नाबालिग लड़कियों को छुड़ाया। अधिकारी के मुताबिक, दोनों महिलाएं घर से ही कथित रूप से देहव्यापार का गिरोह चला रही थीं। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान नाबालिग लड़कियों ने बताया कि पुष्पांजलि मिली और पूर्णिमा मिली नाम की दो बहनें उन्हें धेमाजी से ईटानगर लेकर आईं थीं। उन्होंने बताया कि तस्करी करके ईटानगर लाये जाने के बाद उनसे जबरन देहव्यापार करवाया गया। सिंह ने बताया कि बाल कल्याण समिति को मामले से अवगत करा दिया गया है और उनकी शिकायत के आधार पर ईटानगर महिला थाने में एक मामला दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है। इसके साथ ही यह भी पता चला कि धेमाजी से तस्करी करके लाई गई दो और नाबालिग लड़कियां पुष्पांजलि मिली के कब्जे में हैं। उन्होंने बताया कि बाद में उन्हें भी छुड़ा लिया गया। अधिकारी ने बताया कि सभी चार महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया और फिलहाल वे पुलिस हिरासत में हैं जबकि नाबालिग लड़कियां आश्रय गृहों में हैं। सिंह ने बताया कि गिरोह में शामिल कम से कम सात लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि अन्य आठ ग्राहक पुलिस हिरासत में है। इन आठ में से तीन सरकारी अधिकारी हैं।

### *शहजादे को अपनी ...*

इतने पैसे निकल रहे हैं तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि उनके पास कितने पैसे होंगे। बेशर्मी देखिए इतने नोट निकलने के बाद शर्म से आंखें झुक जानी चाहिए लेकिन इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। साथ ही कहा कि इस काले धन को सिर्फ एक ही व्यक्ति बाहर ला सकता है, जिसके ऊपर एक भी दाग नहीं लगा। वह सिर्फ आपका बेटा मोदी है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस का पंजा दलितों, ओबीसी, एसटी और एससी आरक्षण को छीनने में लगा हुआ है। उन्होंने धर्म के नाम पर आरक्षण का विरोध किया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे आजकल नया फॉर्मूला लेकर आ रहे हैं। वे आपकी संपत्ति की जांच कराएंगे। कितनी जमीन है, इसकी भी जांच की जाएगी। फिर वे आपकी आधी संपत्ति लेकर घुसपैठियों में बांट देंगे। वे ऐसा कानून लाने वाले हैं। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले विकास में रोड़ा हैं। झामुमो और कांग्रेस का एक ही एजेंडा है, ना कुछ करेंगे और ना ही करने देंगे। उन्होंने कहा कि ये भ्रष्टाचार के अलावा कुछ करते भी नहीं है। मोदी जो काम करता है, उसे भी ये करने नहीं देते हैं। साथियों, मैं गरीब परिवार में पैदा हुआ हूं। गरीबी क्या होती है मैं जानता हूं। इसीलिए मैं चाहता हूं कि मेरे देश के गरीब का चूल्हा जलता रहना चाहिए लेकिन ये लोग चाहते है कि मोदी का भेजा राशन आपको मिले ही नहीं। मोदी ने कहा कि आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति बनना देश के लिए अभिमान है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों ने राजकुमार राम को मर्यादा पुरुषोत्तम बना दिया था। इंडी गठबंधन ने झारखंड में सिर्फ अफीम उद्योग लगाया है। झारखंड सरकार इसे संरक्षण दे रही है।

### *देश में 28,200 ...*

किया गया है। केंद्रीय प्रौद्योगिकी ब्यूरो ने तब विश्लेषण किया और पाया कि इन मोबाइल हैंडसेटों के साथ 2 मिलियन मोबाइल नंबरों का उपयोग किया जा रहा था। अगले चरण में, प्रौद्योगिकी विभाग ने पूरे भारत में उन 28,200 मोबाइल हैंडसेटों को ब्लॉक करने का आदेश जारी किया और यदि पुन: सत्यापन विफल हो जाता है, तो 2 मिलियन मोबाइल कनेक्शनों को फिर से सत्यापित किया जाना चाहिए और तुरंत काट दिया जाना चाहिए। इस समन्वित प्रयास का उद्देश्य सार्वजनिक सुरक्षा के प्रति पारस्परिक प्रतिबद्धता बनाए रखना और दूरसंचार की अखंडता की रक्षा करना है। इसका उद्देश्य पूरे देश में एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण सुनिश्चित करना भी है।

### *मोदी 2029 तक ही...*

रुपए के भ्रष्टाचार और घोटालों में शामिल हैं। दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी हैं, जिन पर 23 साल तक मुख्यमंत्री या 10 साल तक प्रधानमंत्री रहने के बावजूद 25 पैसे का भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना तंज कसते हुए कहा कि एक ओर सत्ता का सुख भोगने वाले हैं, जैसे थोड़ी ही गर्मी बढ़ते ही कुछ नेता नियमित रूप से थाईलैंड, बैंकॉक में छुट्टियां मनाने चले जाते हैं। दूसरी और नरेंद्र मोदी हैं, जो पिछले 23 सालों से दिवाली के दिन भी वह सीमा पर देश की रक्षा करने वाले जवानों के साथ दीवाली मनाते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को अंतरिम बेल सिर्फ और सिर्फ चुनाव प्रचार के लिए दी है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के सामने केस दायर किया था कि उनकी गिरफ्तारी गलत है, जिसको सुप्रीम कोर्ट ने नहीं माना। फिर मोडिफाई किया कि मुझे बेल दिया जाए, वो भी सुप्रीम कोर्ट ने नहीं माना। सिर्फ और सिर्फ चुनाव प्रचार करने के लिए एक तारीख तक की बेल मिली है, 2 तारीख को फिर उन्हें आत्मसमर्पण करना है। उन्होंने कहा कि अगर अरविंद केजरीवाल इसको क्लीनचिट मानते हैं तो उनकी कानून की समझ बहुत ही कमजोर है। तेलंगाना में 4 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सबसे बड़ी बात जो पूरे देश के लिए और विशेष रूप से एसटी, एससी, ओबीसी के लिए हानिकारक है, वह यह है कि इन्होंने तेलंगाना में 4 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण शुरू किया है। यह 4 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण सीधा-सीधा एसटी, एससी, ओबीसी के आरक्षण पर डाका है। हम ये निश्चित रूप से कहते हैं कि जब भी भाजपा की सरकार आएगी हम यहां से मुस्लिम आरक्षण खत्म कर देंगे। शाह ने कांग्रेस और बीआरएस के घोटालों की बड़ी सूची उनके पास होने का दावा किया। इसके अलावा उन्होंने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि मैं कांग्रेस की वादाखिलाफी के बारे में जरूर कहना चाहता हूं। उन्होंने कहा था कि हम सोनिया गांधी के जन्मदिन पर किसानों का 2 लाख रुपए का कर्ज माफ करेंगे, हम सभी को विश्वास था कि अगर उनकी सरकार बनेगी तो वे ऐसा करेंगे लेकिन इसमें एक पेंच था कि वे सोनिया गांधी के किस जन्मदिन पर ऐसा करेंगे, उन्होंने नहीं बताया। सरकार बनने के बाद इतने दिन हो गए लेकिन किसानों का 2 लाख तो दूर 2 रुपए का भी कर्ज माफ नहीं हुआ। किसान को 15 हजार प्रतिवर्ष देने का वादा किया था वो भी पूरा नहीं हुआ।

### *धरती से टकराया ...*

लगाए गए एक डीएसएलआर कैमरे से ली गई। स्टैनजिन ने कहा कि यह देर रात लगभग एक बजे से तड़के 3:30 बजे तक आसमान में छाया रहा। उन्होंने कहा कि क्षितिज लाल हो गया और बाद में गुलाबी रंग में बदल गया। हानले में भारतीय खगोलीय वेधशाला के इंजीनियर दोरजे अंगचुक ने इस घटना को एक स्थिर ऑरोरल रेड आर्च के रूप में वर्णित किया, जो लद्दाख के आसमान में एक दुर्लभ घटना थी। अंगचुक ने कहा कि उत्तरी या दक्षिणी ध्रुवों के पास देखा जाने वाला अरोरा गतिशील घटनाएं हैं। ये बदलती रहतीं हैं लेकिन जो लद्दाख में देखा गया वह अधिक स्थिर था। स्थिर चमक कुछ घंटों तक आकाश में बनी रही। भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, कोलकाता में सीईएसएसआई के प्रमुख दिब्येंदु नंदी ने बताया कि हेनले में ऐसी खगोलीय घटना दुर्लभ हैं क्योंकि यह सुदूर दक्षिण में स्थित है। अमेरिका का राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन (एनओएए) इसे एक असामान्य घटना बता रहा है और कहा है कि ज्वालाएं सूर्य के एक ऐसे बिंदु से जुड़ी हुई प्रतीत होती हैं जो पृथ्वी के व्यास से 16 गुना बड़ा है।

### *अफगानिस्तान में बाढ़ ...*

कुछ हफ्तों में अफगानिस्तान में असामान्य रूप से मूसलधार बारिश हुई है। बाढ़ से सबसे ज्यादा देश का उत्तरी क्षेत्र प्रभावित हुआ है। शुक्रवार को सर्वाधिक प्रभावित बाघलान प्रांत में 50 लोगों की मौत हो गई। सरकारी मीडिया संगठनों ने अपने समाचार में कहा कि पड़ोसी ताखर प्रांत में 20 लोगों की मौत हुई। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने एक्स पर शनिवार को पोस्ट किया कि विनाशकारी बाढ़ से सैकड़ों की जान गई है, जबकि बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। मुजाहिद ने बदख्शां, बाघलान, घोर और हेरात को सबसे ज्यादा प्रभावित के रूप में रेखांकित किया है। मुजाहिद ने कहा कि सरकार ने लोगों को बचाने, घायलों को ले जाने और शवों को खोजने में सभी उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग करने का आदेश दिया है। जबकि रक्षा मंत्रालय ने कहा कि देश की वायुसेना ने बाघलान में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया है। बाढ़ में बड़ी संख्या में फंसे लोगों को बचाया गया है और घायलों को क्षेत्र के सैन्य अस्पताल तक पहुंचाया गया है।

## काजीरंगा : मुठभेड़ में शिकारी की मौत

**गोलाघाट ( हिंस )।** काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में वनकर्मियों के साथ हुई मुठभेड़ में एक अवैध शिकारी की मौत हो गई। वन विभाग द्वारा शनिवार को दी गई जानकारी के अनुसार यह मुठभेड़ आज सुबह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के अगरातली रेंज में शुरू हुई। शिकारी वनकर्मियों का सामना करते हुए रंगमटिया रेंज में प्रवेश किया। जहां वनकर्मियों की गोली उसे लगी। मृतक शिकारी के पास से एक 3.3 बोर की एक राइफल, तीन जीवित गोलियां तथा दो हजार खाली कारतूस बरामद हुए। बाद में मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव को बरामद कर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया गया।

## रिश्वत लेते रंगे हाथों दो लोक सेवक गिरफ्तार

**नगांव ( हिंस )।** भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने सामागुड़ी विद्युत उपमंडल के बीसीएमआर (बिल क्लर्क मीटर रीडर) भास्कर शर्मा तथा डिवीजन के संविदा कर्मचारी मिंटू बोरा को शनिवार को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों सामागुड़ी में एक विद्युत उपभोक्ता से सात हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़े गए। ग्राहक से घर पर चोरी का बिजली कनेक्शन होने के बहाने रिश्वत मांग रहे थे। आज दोनों रुपए लेते हुए रंगे हाथों पकड़े गए। उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।

# ब्लैकमेलिंग करने के आरोप में तीन पत्रकार गिरफ्तार



**डिब्रूगढ़ ( हिंस )।** डिब्रूगढ़ जिले के नाहरकटिया इलाके में पुलिस की टीम ने अभियान चला कर धन उगाही करने के आरोप में तीन पत्रकारों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि अनुसूचित जाति के फर्जी प्रमाण पत्र के जरिए ऑयल इंडिया लि. में मेकनिकल विभाग में नौकरी करने का आरोप लगाकर एक सैटेलाइट और दो पोर्टल चैनल के पत्रकार उपेन दास, पवन गोगोई और सुब्रत लोधन ने नाहरकटिया के बलीघाट निवासी जय कुमार दास को आनंद होटल के एक कमरे में बंद कर ब्लैकमेलिंग कर 4 लाख 50 हजार रुपए की मांग की। तीनों पत्रकारों को जय कुमार दास ने पहले किस्त के तौर पर एक लाख रुपए गूगल पे के जरिए और 50 हजार नगद दिया। दूसरी किस्त देने के लिए जय कुमार दास ने कनाड़ा बैंक अकाउंट से तीन लाख रुपए निकला। इसकी जानकारी जय कुमार दास की पत्नी को लगी। जिसके बाद उसने स्थानीय थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई। जय कुमार दास की पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिक के आधार पर पुलिस ने तीनों पत्रकारों को ब्लैकमेलिंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस दर्ज प्राथमिक की आधार पर तीनों पत्रकारों से सघन पूछताछ कर रही है।

## काजीरंगा के पास बनेगा तीन पांच सितारा होटल : मंत्री

**गुवाहाटी ( हिंस )।** राज्य के पर्यटन आदि मामलों के मंत्री जयंत मल्लबरुवा ने कहा है कि काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के आसपास तीन पांच सितारा होटल बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन होटलों के लिए आज स्थान का निरीक्षण करने के लिए वे पहुंचे हैं। मंत्री ने इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि दो पांच सितारा होटल ताज ग्रुप द्वारा बनाए जाएंगे, जबकि एक होटल हयात द्वारा बनाया जाना है। मंत्री ने बताया कि जून माह से इन तीनों ही होटलों के निर्माण का कार्य शुरू हो सके इसकी तैयारियां की जा रही है। एक प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने कहा कि काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की क्षमता के अनुसार इसमें पर्याप्त पर्यटक आते हैं। इससे अधिक पर्यटक यदि यहां पहुंचेंगे तो यहां के वन्य प्राणियों के लिए मुश्किलें पैदा होंगी। इस दौरान मंत्री ने पत्रकारों के अन्य कई सवालों के भी उत्तर दिए।

## होजाई में दो दिवसीय रंगाली बिहू का भव्य कार्यक्रम 14 से



**होजाई ( निसं )।** रंगाली बिहू सम्मिलन (विष्णुपल्ली), होजाई अपने 24 वें वर्ष के बिहू का आयोजन इस बार गंग प्रसाद केडिया रोड स्थित भारत फील्ड (रूप कुंवार ज्योतिप्रसाद अगरवाला स्मृति भवन के निकट) में दो दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों के तहत आगामी 14 व 15 मई 2024 को आयोजित किया जायेगा। दो दिवसीय रंगाली बिहू के सफल आयोजन हेतू एक आयोजन समिति का गठन किया गया है। जिसमें मुख्य अध्यक्ष-डॉ. दिवाकर गोस्वामी, कार्यकारी अध्यक्ष-डॉ. साईदूल इस्लाम, तपन कर, सचिव-पिंटू देव, कोषाध्यक्ष गाजेन्द्र नाथ शर्मा के अलावा कई उप समितियां बनाई गई हैं। कार्यक्रमों के अनुसार 14 मई 2024 वार मंगलवार को प्रात: 9 बजे बिहु ध्वज फहराकर दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभप्रारंभ होगा इसके बाद आमंत्रित कल करो द्वारा बिहू नृत्य। तत्पश्चात प्रात : 10.30 बजे सांस्कृतिक शोभायात्रा, प्रात: 11 बजे से-खेल -कूद प्रतियोगिता, अपराह्न 3 बजे क्वीज प्रतियोगिता, संध्या 8 बजे से आमंत्रित बिहू दल द्वारा बिहु नृत्य प्रदर्शन के अलावा स्थानीय और आमंत्रित कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। बिहू के दूसरे दिन यानी 15 मई 2024 बुधवार को सुबह 11 बजे से विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित होगी। संध्या-7 बजे से पुरस्कार वितरण, सांय 7.30 बजे से स्मारिका *रंगाली* का विमोचन के बाद 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ होगा जिसमें प्रसिद्ध गायिका रूपंकृता और अलंकृता व लोकप्रिय सांस्कृतिक समूह *तेजपुरिया थेस्पियन्स* अपनी प्रस्तुति देंगे। समिति के सदस्यों ने सभी होजाईवासियों से अनुरोध किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में उक्त कार्यक्रम में पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

# 5.4 लाख रुपए से अधिक का गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) की रेलवे सुरक्षा बल (रेसुब) ट्रेनों के माध्यम से प्रतिबंधित सामानों के ट्रांसशिपमेंट किये जाने के खिलाफ अपना अभियान चला रही है। 07 से 09 मई तक, पूसीरे की रेसुब ने अगरतला, धर्मनगर और फालाकाटा रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में प्रतिबंधित सामानों को ले जाने के खिलाफ जांच अभियान चलाया और लगभग 5.4 लाख रुपए का प्रतिबंधित सामान बरामद किया। अभियान के दौरान उनलोगों ने लगभग 55.8 किग्रा गांजा बरामद किया और इस संबंध में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। जब्त सामानों के साथ पकड़े गए व्यक्ति को बाद में आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित ओसी/जीआरपी पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची दे ने आज बताया है कि 7 मई को एक घटना में, अगरतला रेसुब और जीआरपी एक टीम ने संयुक्त रूप से अगरतला रेलवे स्टेशन पर नियमित जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान, उनलोगों ने बैग के साथ एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली। बैग खोलने पर उनलोगों ने लगभग 25 किग्रा गांजा पाया, जिसकी कीमत लगभग 2.50 लाख रुपए थी। इस मामले में एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। बाद में बरामद गांजा के साथ पकड़े गए संदिग्ध व्यक्ति को आगे की कार्रवाई के लिए अगरतला जीआरपी को सौंप दिया गया। इसके अलावा, 07 से 09 मई तक चलाए गए विभिन्न अभियानों और तलाशी में, पूसीरे की रेसुब ने विभिन्न ट्रेनों और स्टेशनों से 30.8 किग्रा गांजा बरामद किया। बाद में आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए बरामद गांजा संबंधित विभाग को सौंप दिया गया।

## विश्वनाथ : आदर्श विद्यापीठ में राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया

**विश्वनाथ ( विभास )।** विश्वनाथ जिले के शैक्षिक मापदंड विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य के लिए विख्यात विश्वनाथ शिक्षा प्रखण्ड के अंतर्गत शिक्षण संस्थान चारिआलि आदर्श विद्यापीठ के उद्‌भावनी और सामूहिक शिक्षण कक्ष के सौजन्य तथा भारती एयरटेल फाउंडेशन व विज्ञान शिक्षक के सहयोग में आज विद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम इस दिवस के साथ संपर्क रखकर एक मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के विचारक व निरीक्षक के रूप में उपस्थित विश्वनाथ कॉलेज के पदार्थ विभाग के प्रो. देवाशीष शर्मा ने बारीकियों से सभी मॉडल का निरीक्षण किया और इसके ऊपर सविस्तार से विद्यार्थी को व्याख्यान दिये। इसके बाद दोपहर में विद्यालय के प्राचार्या बबीता हजारिका के अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विश्वनाथ कॉलेज के पदार्थ विभाग के प्रो. देवाशीष शर्मा को फुलाम गामोछा तथा उपहार से अभिनंदन किया गया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक विद्युत बोड़ो के संचालन में आयोजित



कार्यक्रम में प्राचार्या बबीता हजारिका ने सभा का उद्देश्य व्याख्या दी। तत्पश्चात मुख्य वक्ता प्रो. देवाशीष शर्मा ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत की। सर्वप्रथम उन्होंने आज के विशेष महत्व दिन पर तथा विज्ञान व प्रौद्योगिकी के विविध पहलुओं पर उदाहरण देते हुए प्रकाश डाले। साथ ही देश के महान वैज्ञानिक के जीवन पर सारगर्भित वक्तव्य दिये। इसके अलावा विद्यार्थी को प्रौद्योगिकी क्षेत्र में बढ़ने के लिए आह्वान की। इसके बाद विद्यार्थी के बीच हुए परियोजना (मॉडल) प्रतियोगिता में विजेता को प्रथम, द्वितीय, तृतीय और उत्साहमूलक पुरस्कार से पुरस्कृत किया।

## ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**चराईदेव ( हिंस )।** चराईदेव जिले के दो नंबर कटियाखुंदा गांव में ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि आज सुबह रेलवे ट्रैक के पास दो युवकों का शव देखे जाने की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस की टीम ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया। मृतकों की पहचान विद्युत गोगोई और बसंत गोगोई के रूप में की गई है। मृतक बीती रात बरुवानगर इलाके में आयोजित बिहू का कार्यक्रम देखने गए थे। उसके बाद से दोनों घर नहीं लौटे। पुलिस ने आशंका व्यक्त किया है कि बीती रात बिहू देखकर घर लौटते समय किसी ट्रेन के चपेट में आने से दोनों की मौत हुई हो गयी। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# असम की हिंदी फीचर फिल्म कुकी कांस फिल्म फेस्टिवल 2024 में दिखाई जाएगी

**गुवाहाटी।** असम निर्मित हिंदी फीचर फिल्म कुकी 28 जून को आधिकारिक राष्ट्रव्यापी रिलीज से पहले कांस फिल्म फेस्टिवल 2024 में प्रदर्शित की जाएगी। कुकी 21 मई को सुबह 11.30 बजे (स्थानीय समयानुसार) पैलेस एच में प्रदर्शित की जाएगी। फिल्म के निर्माता, डॉ. जुनमोनी देवी खौंड ने कहा कि प्रतिष्ठित कांस फिल्म फेस्टिवल 2024 में अपनी पहली फीचर फिल्म, कुकी को प्रदर्शित करने का अवसर पाकर मैं बेहद सम्मानित और आभारी हूं। यह मंच न केवल सिनेमाई कला को जगह देता है, बल्कि उन आवाजों को भी बुलंद करता है जो महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर बोलने का साहस करती हैं। कुकी ने एक ऐसा विषय उठाया है जिस पर अंतर्राष्ट्रीय ध्यान और चर्चा की आवश्यकता है। इसलिए कांस में इसकी प्रस्तुति विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाती है। मेरा मानना है कि हमारी




फिल्म का विषय वैश्विक दर्शकों का हकदार है, क्योंकि इसके लिए जागरूकता और प्रभावी कानूनी सुधार की आवश्यकता है। यह अवसर किसी भी फिल्म निर्माता के लिए एक सपने के सच होने जैसा है और मैं हमारी कहानी को इतने प्रसिद्ध मंच पर लाने के अवसर के लिए बेहद आभारी हूं। फिल्म में बॉलीवुड उद्योग में काम करने वाले कई स्थापित बॉलीवुड अभिनेता और असमिया कलाकार शामिल हैं। फिल्म में रितिशा खौंड, राजेश तैलंग, दीपानिता शर्मा, रितु शिवपुरी, देवोलीना भट्टाचार्य, बोधिसत्व शर्मा, कमल लोचन, विभूति भूषण हजारिका, प्रीति कंगकाना, रंजीब लाल बोरा और कई अन्य कलाकार हैं। इसके अलावा फिल्म में बॉलीवुड सिंगर सुनिधि चौहान, दिव्या कुमार, मोहम्मद फैज और असम की कृतिका शर्मा ने तीन खूबसूरत गानों को अपनी आवाज दी है। निर्देशक प्रणब जे डेका और टीम ने भी प्रतिष्ठित कांस फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित होने के लिए अपनी फिल्म के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

## आरएआई का नॉर्थ-ईस्ट खुदरा शिखर सम्मेलन आयोजित

**गुवाहाटी।** रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) की और से आज गुवाहाटी में नॉर्थ ईस्ट रिटेल समिट 2024 (एनईआरएस 2024) के दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया, जो पूरे पूर्वोत्तर में खुदरा क्षेत्र की क्षमता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह आयोजन तेजी से महत्वपूर्ण औद्योगिक संबंधों को बढ़ावा देने और अद्वितीय क्षेत्रीय चुनौतियों पर विचार-विमर्श करके और नए अवसरों का लाभ उठाकर विकास को गति देने के लिए आधारशिला बन गया है। शिखर सम्मेलन नेटवर्किंग और नवीन विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है, जो उत्तर-पूर्व के सात राज्यों: अरुणाचल प्रदेश, असम, नागालैंड, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम से खुदरा पेशेवरों को आकर्षित करता है। इसने खुदरा




पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए स्थानीय नेताओं के बीच सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। शिखर सम्मेलन के बारे में बोलते हुए, रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) के सीईओ, कुमार राजगोपालन ने कहा कि आज का नॉर्थ ईस्ट रिटेल शिखर सम्मेलन उन उपभोक्ताओं की विकसित खरीदारी आदतों पर प्रकाश डालता है, जिनके पास वैश्विक दृष्टिकोण है और वे स्टोर और ऑनलाइन दोनों में गुणवत्ता चाहते हैं। हमारा ध्यान आधुनिक, आकर्षक खरीदारी स्थल बनाने और कारोबारी माहौल को सरल बनाने पर है। इन प्रयासों का उद्देश्य क्षेत्र को एक गतिशील खुदरा केंद्र में बदलना है, जो स्थानीय खरीदारों की परिष्कृत जरूरतों को पूरा करता है, जिससे पूरे क्षेत्र में विकास और नवाचार को बढ़ावा मिलता है। इस वर्ष के एनईआरएस 2024 में वक्ताओं की एक प्रभावशाली श्रृंखला शामिल थी, जिसमें क्षेत्र के खुदरा क्षेत्र के शीर्ष अधिकारी और निर्णय निर्माता शामिल थे। उल्लेखनीय वक्ताओं में भारतीय जलपान के निदेशक अभिनव पारीक, पोद्दार ग्रुप के एमडी और सीओओ अंकित पोद्दार, बालाजी उद्योग के पार्टनर अनुज जोशी, कुसुम एलईडी लाइट्स के निदेशक अर्नब दास, भगवती सेल्स कॉर्पोरेशन के सीईओ चंदन पारीक, तनिष्का रिटेल्स के निदेशक कुणाल मोर्दानी, पवन खाटूवाला, सेंट्रल मॉल के मेंटेनेंस प्रमुख, एमजी सॉल्यूशंस (टाइम्स स्क्वायर) के निदेशक राजा गोहेन, क्राउन एंटरप्राइजेज के निदेशक रविंदर जैन, स्केलेबल सॉल्यूशंस के मालिक सौरव अग्रवाल, चंदन रिटेल (अस्करन बिंजराज) के एमडी और सीईओ विक्रम बोथरा आदि शामिल थे। चंदन रिटेल (अस्करन बिंजराज) के एमडी और सीईओ विक्रम बोथरा ने कहा कि आज के गतिशील खुदरा माहौल में, पूर्वोत्तर अपनी बढ़ती प्रयोज्य आय और विविध उपभोक्ता आधार के कारण संभावनाओं से भरपूर परिदृश्य प्रस्तुत करता है।

## सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल

**कामरूप ( हिंस )।** कामरूप (ग्रामीण) जिले के रंगिया में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर हुए एक सड़क हादसे में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को बताया कि आज तड़के रंगिया में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर एक ही दिशा में जा रही बाइक (एएस-25 एक्स-4702) को अन्य किसी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिसकी वजह से बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम दोनों को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। हालांकि, दोनों घायलों की पहचान नहीं हो पाई है। वहीं दुर्घटना में शामिल वाहन चालक समेत मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# लोसल नागरिक परिषद का गठन

**गुवाहाटी ( विभास )।** राजस्थान के लोसल शहर के स्थापना दिवस की 844 वीं वर्षगांठ (विक्रम संवत 1237 अक्षय तृतीया) पर आज मां कामख्या की नगरी गुवाहाटी में भी लोसल के नागरिकों ने लोसल नागरिक परिषद का गठन किया। जिसने सर्वसम्मति से दीनदयाल सिवोटिया को अध्यक्ष एवं शंकर बिड़ला को सचिव का दायित्व दिया गया। सर्वप्रथम मारवाड़ी सम्मेलन गुवाहाटी के सभागार में लोसल के बाबा परमानंद की पूजा अर्चना कर दीप प्रजवलित करने के साथ सभा का शुभारम्भ किया गया। सभा की अध्यक्षता राजेंद्र उपाध्याय ने की। इस आयोजन को साकार बनाते हुए राजेंद्र उपाध्याय के प्रयासों से करीबन 37 लोसल वासियों ने भाग लिया। जिसमे शिलांग एवम सोरूपथार से भी सदस्य पधारे। सभी ने अपना अपना परिचय दिया। कैलाश काबरा



ने अपने व्यक्त्व रखते हुए कहा कि हमारा कर्तव्य है कि लोसल के प्रत्येक व्यक्ति जो भी निसहाय हैं उसको पूरा समर्थन देना और प्रतेक वर्ष होली दीवाली पर पारिवारिक मिलन समारोह होना हो। जिससे सभी में आपसी मेलजोल बढ़े। शंकर बिड़ला ने बताया कि हमें अपने समाज की उन्नति के लिए सभी प्रकार से प्रयास करने होंगे। और नए लोगों को इस परिषद में जोड़ने की कोशिश करनी होगी। राजेंद्र उपाध्याय ने कहा कि यह सिर्फ एक शुरुआत है और हमें इसे और व्यापक बनाना होगा। ताकि लोसल के सभी लोग इस परिषद से जुड़ सकें और एकजुट होकर अपने समुदाय की बेहतरी के लिए काम कर सकें। सभी सदस्यों ने इस पहल का स्वागत किया और कहा कि इससे लोसल के निवासियों के बीच एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलेगा। प्रह्लाद गोड़ ने अपनी सहमति जताते हुए कहा कि आने वाले समय में सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित करेंगे, जहां लोसल के सभी लोग मिलकर अपने अनुभव और सुझाव साझा करेंगे। इस तरह, वे एक सशक्त और सहयोगात्मक समुदाय की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे।

# रंगिया : वीवो ने लांच किया मिड रेंज बजट वाला वीवो वी30ई फोन

**रंगिया ( विभास )।** सर्वश्रेष्ठ मोबाइल निर्माता कंपनी वीवो लगातार अपने नए फोन लांच कर रही है। स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने भारतीय बाजार में आज अपना नया स्मार्टफोन वीवो वी30ई लांच कर दिया है। इस मौके पर रंगिया के वीवो मोबाइल डिस्ट्रीब्यूटर मनी हार्डवेयर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा नगर में इसे लांच किया। इस मौके पर मनी हार्डवेयर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स के मालिक गोपाल जाजोदिया द्वारा बताया गया है कि वीवो वी30ई कंपनी का मिड रेंज बजट वाला 5जी फोन है, जो 50 एमपी के सेल्फी कैमरा के साथ है। उन्होंने कहा कि 6.78 इंच डिस्प्ले के साथ यह वीवो वी30ई स्मार्टफोन 5500 एमएएच बैटरी वाला सबसे पतला स्मार्टफोन है जिसमें ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइजेशन (ओआईएस) के साथ 50-मेगापिक्सल (सोनी आईएमएक्स 882) मुख्य कैमरा सेंसर है। इस स्मार्टफोन को वेलवेट रेड और सिल्क ब्लू कलर ऑप्शन के साथ बाजार में उतारा गया है। बताया किवीवो वी30ई स्मार्टफोन को दो वेरिएंट में लांच किया गया है। इस फोन का 8 जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज




वेरिएंट 27, 999 रुपए में उपलब्ध कराया गया है। वहीं इसके 8 जीबी रैम और 256 जीबी स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 29, 999 रुपए रखी गई है। वीवो वी30ई स्मार्टफोन में 120 एचजेड रिफ्रेश रेट वाली 6.78-इंच की फुल एचडी + कव एएमओएलईडी डिस्प्ले दी गई है, जो कि 2400 × 1080 पिक्सल का रेजॉल्यूलेशन देती है। डिस्प्ले पंच-होल कटआउट और फ्लैट एज के साथ है। पावर बैकअप के लिए इस फोन में 5, 500 एमएएच की बैटरी दी गई है, जो कि 44 डब्ल्यू वायर्ड चार्जिंग सपोर्ट के साथ आती है।

## रंगिया : धूमधाम से आयोजित परशुराम जयंती के बाद निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

**रंगिया ( विभास )।** रंगिया में स्थानीय विप्र महापरिषद द्वारा स्थानीय श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में बृहस्पतिवार को भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण से शुरू हुई जोकि नगर का परिभ्रमण करते हुए पुन: मंदिर प्रांगण पहुंची। शोभायात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष और युवतियां सहित बच्चे और बुजुर्ग लाल पीले ध्वज लिए चल रहे थे। सर्व समाज के लोगों ने शोभायात्रा में भाग लिया। वहीं भगवान परशुराम की मनोरम झांकी आकर्षण का केंद्र रही। मालूम हो कि विप्र महापरिषद, रंगिय द्वारा एकदिवसीय भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष शंकरलाल शर्मा के धार्मिक ध्वजारोहण के साथ सुबह 8 बजे किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम संयोजक घनश्याम शर्मा द्वारा मूर्ती स्थापना एवं पूजा अर्चना और मुख्य पाठक हरिप्रसाद



शर्मा के नेतृत्व में सुबह 9 बजे सुंदरकांड पाठ, मुख्य पाठिका अनिता शर्मा के नेतृत्व में सुबह 10.30 बजे श्री हनुमान चालीसा पाठ और इसके बाद महाआरती एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया। वहीं दूसरी ओर महाप्रसाद के बाद मंदिर प्रांगण में 108 दीप प्रज्ज्वलन, संध्या आरती एवम् छप्पन भोग श्री सत्यनारायण शर्मा के नेतृत्व में संध्या 7 बजे किया गया। इसके पश्चात रात्री 9 बजे स्थानीय बजरंग भजन मंडली द्वारा भजन संध्या के आयोजन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। आयोजन समिति के सचिव लक्ष्मन शर्मा द्वारा कार्यक्रम में सभी भक्तों की उपस्थिती एवं सहयोगिता के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया गया है। वहीं कार्यक्रम के प्रमुख सहयोगी : साज-सज्जा व्यवस्था-डॉ. दिनेश शर्मा, रोहित शर्मा, गौरव शर्मा, ऋतुराज शर्मा, प्रभु बोहरा, अशोक दाधिच, अशोक शर्मा, शोभायात्रा-अशोक शर्मा, गौरव शर्मा, पूनित शर्मा, डॉ. दिनेश शर्मा, पूजा अर्चना-गोपाल जी पुजारी, हरीप्रसाद शर्मा, खाद्य विभाग-बजरंग शर्मा, दिनदयाल शर्मा, प्रहलाद बैध्य, मुकेश शर्मा, वित्त विभाग-बासुदेव शर्मा, ऋतुराज शर्मा, लक्ष्मण शर्मा, डॉ. दिनेश शर्मा, राज कुमार वैध्य, अशोक शर्मा, सत्यनारायण शर्मा को सक्रिय सहयोगिता के लिए धन्यवाद दिया गया है।

संपादकीय

# अब हिंदू-मुस्लिम आबादी

**आज** भारत की जनसंख्या 144 करोड़ से अधिक है, जो विश्व में सर्वाधिक है। हालांकि 2021 में जनगणना नहीं की जा सकी, क्योंकि वह कोरोना वैश्विक महामारी का दौर था। जनगणना 2011 में की गई थी, उसके बाद 13 लंबे साल गुजर चुके हैं, लेकिन कोई अधिकृत जनगणना नहीं हुई है। 2011 में हिंदू आबादी 79.80 फीसदी थी, जबकि मुस्लिम आबादी 14.20 फीसदी थी। मुसलमानों की बढ़ोतरी दर करीब 25 फीसदी थी, जबकि हिंदुओं की बढ़ोतरी दर करीब 17 फीसदी थी। यानी हिंदुओं की तुलना में मुसलमान बढ़ रहे थे। आजादी के बाद 1951 में देश में करीब 3.5 करोड़ मुसलमान थे, जिनकी आबादी 2023 में बढ़ कर 20 करोड़ के पार हो गई। अब तो यह आंकड़ा भी बदल चुका होगा! गौरतलब तथ्य यह है कि 1951 से आज तक मुसलमानों की आबादी एक बार भी नहीं घटी, लगातार बढ़ती रही है। अब प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की एक रपट के जरिए चौंकाने वाले आंकड़े और रुझान सामने आए हैं। रपट में 1950 से 2015 तक जनसंख्या के रुझान के आंकड़े दिए गए हैं। ये इस कालखंड में जनगणना के दौरान भी सामने आए होंगे! तो फिर आर्थिक सलाहकार परिषद की ऐसी रपट तब क्यों सार्वजनिक की गई, जब आम चुनाव, 2024 के तीन चरण के मतदान सम्पन्न हो चुके हैं? लोकसभा की 282 सीटों, करीब 52 फीसदी, पर जनादेश ईवीएम में दर्ज हो चुका है। रपट के मुताबिक, 1950 से 2015 तक की 65 साल की अवधि में बहुसंख्यक हिंदू आबादी 84.68 फीसदी से घट कर 78.6 फीसदी हो गई है, जबकि मुस्लिम आबादी 9.84 से बढ़ कर 14.09 फीसदी हो गई है। हिंदू करीब 8 फीसदी घटे हैं और मुसलमानों की बढ़ोतरी 43.15 फीसदी हुई है। आबादी का यह असंतुलन चुनौतीपूर्ण, खतरनाक, चिंताजनक और विस्फोटक हो सकता है! भारत इंडोनेशिया, मलेशिया, सूडान, सर्बिया आदि देशों में आबादी के असंतुलन के कारण विभाजन देख चुका है। देश दोफाड़ हुए हैं और नए देश बने हैं। इंडोनेशिया कभी हिंदू, बौद्ध बहुल देश था, लेकिन आज दुनिया के सबसे अधिक मुसलमान इंडोनेशिया में ही रहते हैं और बौद्ध अल्पसंख्यक हो गए हैं। भारत में मुसलमान आबादी में वे शामिल नहीं हैं, जो जनगणना जैसे अभियानों का बहिष्कार करते रहे हैं। 65 साल की मुस्लिम आबादी में रोहिंग्या भी शामिल नहीं हैं। इस लिहाज से मुस्लिम आबादी की बढ़ोतरी अधिक हो सकती है। रपट के मुताबिक, हिंदुओं के साथ-साथ जैन और पारसी की आबादी भी घटी है। मुसलमानों के अलावा सिख, बौद्ध, ईसाई की आबादी बढ़ी है। जैन, पारसी, ईसाई, बौद्ध, सिख समुदाय भी अल्पसंख्यक वर्ग में आते हैं। देश में पारसियों की आबादी तो करीब 57000 बताई जाती है, लेकिन उन्होंने अपने अधिकारों के लिए कभी भी जन-आंदोलन नहीं छेड़े। मुस्लिम आबादी लगातार बढ़ती रही है, इसके बुनियादी कारण बांग्लादेश से घुसपैठ, धर्मान्तरण, मुस्लिम सांसदों, नेताओं द्वारा ज्यादा बच्चे पैदा करने के आह्वान, 'पालन-पोषण तो अल्लाह करेंगे' जैसी सोच, 2011 तक ज्यादा प्रजनन दर, अशिक्षा, अज्ञानता आदि हैं। यह बढ़ोतरी देश की खाद्य सुरक्षा के लिए भी गंभीर चुनौती है। देश के संसाधन कम पड़ सकते हैं। पहले घुसपैठ बांग्लादेश से अधिक हुई, क्योंकि 1971 में पाकिस्तान विभाजन के साथ युद्ध भी हुआ। लोग बांग्लादेश से भाग कर भारत में आए। संघ-भाजपा 2 करोड़ से अधिक ऐसे घुसपैठिए मानते रहे हैं। जब म्यांमार से पलायन शुरू हुआ, तो रोहिंग्या मुसलमानों ने भारत में घुसपैठ की। म्यांमार के बाद भारत में हिंदुओं की आबादी में सर्वाधिक गिरावट हुई है। रपट बताती है कि दुनिया में बहुसंख्यकों की हिस्सेदारी 22 फीसदी घटी है। प्रजनन दर की बात बेहद महत्वपूर्ण है। दशकों तक मुसलमानों की औसत प्रजनन-दर 4-6 फीसदी रही, लेकिन अब 2021 वाले दौर में यह घटकर 2.36 फीसदी हो गई है। यह प्रजनन-दर हिंदुओं में औसतन 1.94 फीसदी है। बहरहाल हमारा निष्कर्ष फिलहाल यह नहीं है कि भारत इस्लामीकरण की ओर बढ़ रहा है, लेकिन आबादी का यह असंतुलन इसी गति से जारी रहा, तो कई संकट उभर सकते हैं।


आजादी के बाद 1951 में देश में करीब 3 .5 करोड़ मुसलमान थे, जिनकी आबादी 2023 में बढ़ कर 20 करोड़ के पार हो गई। अब तो यह आंकड़ा भी बदल चुका होगा! गौरतलब तथ्य यह है कि 1951 से आज तक मुसलमानों की आबादी एक बार भी नहीं घटी, लगातार बढ़ती रही है। अब प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की एक रपट के जरिए चौंकाने वाले आंकड़े और रुझान सामने आए हैं। रपट में 1950 से 2015 तक जनसंख्या के रुझान के आंकड़े दिए गए हैं। ये इस कालखंड में जनगणना के दौरान भी सामने आए होंगे! तो फिर आर्थिक सलाहकार परिषद की ऐसी रपट तब क्यों सार्वजनिक की गई, जब आम चुनाव, 2024 के तीन चरण के मतदान सम्पन्न हो चुके हैं? लोकसभा की 282 सीटों, करीब 52 फीसदी, पर जनादेश ईवीएम में दर्ज हो चुका है। रपट के मुताबिक, 1950 से 2015 तक की 65 साल की अवधि में बहुसंख्यक हिंदू आबादी 84 .68 फीसदी से घट कर 78 .6 फीसदी हो गई है, जबकि मुस्लिम आबादी 9 .84 से बढ़ कर 14 .09 फीसदी हो गई है। हिंदू करीब 8 फीसदी घटे हैं और मुसलमानों की बढ़ोतरी 43 .15 फीसदी हुई है।

## हिन्दुस्तान में और अनेक कारणों से समाज में भेद-व्यवहार हो सकता है, लेकिन रंग कभी भी भेदभाव का आधार नहीं रहा

# सैम पित्रोदा के माध्यम से पश्चिम की साजिश

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

**लगता** है अब कांग्रेस अपने असली रंग में आना शुरू हो गई है। उसकी असलियत भारत के लोगों को पहले से ही ज्ञात है, लेकिन अभी तक कांग्रेस ने स्वयं अपने मुख से उसे कभी स्वीकारा नहीं था। लेकिन 2024 के लोकसभा के चुनावों ने तापमान इतना बढ़ा दिया है कि कांग्रेस ने एक के बाद एक अपने सभी आवरण उतारने शुरू कर दिए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष, सोनिया परिवार के अंतरंग, राहुल गान्धी के राजनीतिक गुरू सैम पित्रोदा ने भारत के लोगों के प्रति कांग्रेस की सोच को एक महत्वपूर्ण साक्षात्कार में प्रकट किया। सैम पित्रोदा अमरीका में रहते हैं। उन्होंने भारत के समाज शास्त्र को नए सिरे से पारिभाषिक करते हुए कहा कि पश्चिमी भारत में रहने वाले लोग अरबों जैसे हैं। पूर्वी भारत में रहने वाले लोग चीनियों जैसे हैं। दक्षिणी भारत में रहने वाले लोग अफ्रीकियों जैसे हैं। उत्तरी भारत में रहने वाले लोग गोरों जैसे हैं। सैम पित्रोदा अमरीका में रहते हैं। अमरीका में अधिकांश गोरे इंग्लैंड से ही गए हुए हैं। इसलिए सैम को लगता होगा कि यदि भारत में अरब, अफ्रीकी, चीनी जैसे लोगों पर ही अध्ययन खत्म कर दिया तो अमरीका क्या कहेगा? सैम को अमरीका का कर्ज भी चुकाना था। इसलिए उन्होंने उत्तरी भारत को 'गोरों' के खाते में जोड़ दिया। लेकिन जहां तक दक्षिण भारतीयों का सवाल है, उनको सैम पित्रोदा ने अफ्रीकियों के साथ उनके रंग के आधार पर ही जोड़ा होगा, क्योंकि दोनों का रंग काला है। दूसरी कोई समानता तो उनकी आपस में मिलती नहीं। लेकिन क्या केवल रंग को आधार बना कर कांग्रेस के बुद्धिजीवी उनको अफ्रीकी कहना शुरू कर देंगे? बाबा साहिब अंबेडकर ने कहा था कि हिन्दुस्तान में और अनेक कारणों से समाज में भेद-व्यवहार हो सकता है, लेकिन रंग कभी भी भेदभाव का आधार नहीं रहा। पश्चिम में इसके विपरीत है। वहां भेद का आधार ही रंग भेद है। वहां का समाज रंगभेद पर आधारित है। कांग्रेस और उसके गुरू सैम पित्रोदा भी भारत को पश्चिम की समाजशास्त्रिय दृष्टि से समझने की कोशिश करते हैं, इसलिए उनके अध्ययन में दक्षिण भारत अफ्रीका बन जाता है। जाहिर है सोनिया गान्धी को सैम पित्रोदा के इस अध्ययन में कुछ अनुचित नहीं लगता होगा, क्योंकि वे भी भारत को पश्चिम के चश्मे से ही देखती हैं। पश्चिम के देश और सांस्कृतिक लिहाज से उनके प्रतिनिधि देश उत्तरी अमरीका भारत पर दोहरा आक्रमण करते हैं। वे भारत को सांस्कृतिक लिहाज से तोडऩा चाहते हैं क्योंकि भारत



उनके 'कलैश ऑफ सिविलाईजेशन' के थीसिस में किसी प्रकार भी फिट नहीं बैठता। भारत दुनिया में सबसे पुरानी जीवन्त सभ्यता और संस्कृति वाला देश है। यूरोप दो हजार साल पुरानी संस्कृति का वाहक है। ब्रिटिश, पुर्तगाल और फ्रांसीसी शासन काल में भारत में भी प्रयोग किया गया कि भारतीय अपनी मूल संस्कृति, स्वभाव और प्रकृति को छोडक़र पश्चिमी मान्यताओं में स्वयं को ढाल लें। इन यूरोपीय शासकों ने जब भारत छोड़ा तब उन्हें इस बात की तसल्ली थी कि जिन भारतीय शासकों के हाथ में वे शासन छोड़ कर जा रहे हैं वे भी इसी नीति को जारी रखेंगे। अब तक सभी कुछ उनकी योजना के अनुसार ही चल रहा था। भारत में कांग्रेसी शासन ने अंग्रेजों की उसी नीति को जारी रखा। यही कारण था भारतीयों के लिए पश्चिम एक मानक बना रहा। लेकिन पिछले एक दशक से भारतीयों ने सत्ता भाजपा को सौंप दी। भाजपा ने एक बार फिर से भारतीय स्वभाव और प्रकृति के साथ जुडऩा शुरू किया, तब पश्चिमी देशों और वहां के थिंक टैंकों को लगा कि यदि भाजपा ज्यादा देर सत्ता में रही तो उनकी चार सौ साल की मेहनत बेकार हो जाएगी। इतना ही नहीं, यदि भारत में सोनिया परिवार पराजित हो गया तो यूरोप की इस सांस्कृतिक नीति को क्रियान्वित कौन करेगा? लेकिन सोनिया परिवार कैसे जीते, इसके लिए वही यूरोपीय टोटके अपनाए जा रहे हैं जो निश्चय ही भारतीय जमीन पर बेकार सिद्ध होंगे। सैम पित्रोदा का यह टोटका उसी प्रकार का है। इसमें ताकत हो न हो, लेकिन यह भारत को बदनाम करता है, उसे अपमानित भी करता है। सैम ने अपने इस टोटके में कुछ और बातें भी कही हैं। उसका कहना है कि भाजपा राम मंदिर और रामनवमी के माध्यम से देश को चुनौती दे रही है। सैम के इस कथन का अभिप्राय तो यही हुआ कि राम और राम नवमी भारत के लिए विदेशी हैं जिनके माध्यम से भारत को चुनौती दी जा रही है। सैम पित्रोदा से पूछा जा सकता है कि यदि राम भारत के लिए विदेशी हैं और वे भारत को चुनौती दे रहे हैं तो भारत में देसी कौन है? बाबर, औरंगजेब या लार्ड माऊंटबेटन? दरअसल सोनिया कांग्रेस की जडें.भारत की मिट्टी में न होकर उस विदेशी मिट्टी में हैं जिसे भारत में राम भी भारत को चुनौती देते लगते हैं। सोनिया कांग्रेस के ही एक नेता ने कहा था कि गोवा में तो भारत का संविधान थोपा गया था। यानी भारत के इस हिस्से में तो पुर्तगाल का संविधान ही उचित था। इससे स्पष्ट हो रहा है कि सोनिया कांग्रेस की परतें धीरे धीरे उतर रही हैं। लेकिन सैम पित्रोदा द्वारा भारत पर किए गए इस आक्रमण को आईसोलेशन में नहीं देखा जा सकता। यह लम्बी श्रृंखला की केवल एक कड़ी है। इस श्रृंखला का मूल सिरा अमरीका के हाथ में है। सैम पित्रोदा भारत के सामाजिक ताने बाने पर चोट कर रहे हैं तो अमरीका कनाडा के साथ मिल कर भारत की प्रकृति को विश्व में खंडित करने का प्रयास कर रहा है। इतना ही नहीं, उत्तरी अमरीका के ये देश भारत को खंडित करने की प्रक्रिया में उलझे हुए हैं। अमरीका और कनाडा ने गैंगवार में मारे गए निज्जर की हत्या और पन्नू को मारने के प्रयास की एक घटना परिचालित कर, इन दोनों घटनाओं को भारत के मत्थे मढने का प्रयास किया है। समय के चुनाव पर ध्यान देना जरूरी है। जिस दिन कनाडा निज्जर की हत्या को लेकर भारत की तथाकथित संलिप्तता को लेकर कोई बयान देता है, उसके दूसरे या तीसरे दिन अमरीका भी गुरपतवन्त सिंह पन्नू की तथाकथित हत्या के प्रयास में भारत की संलिप्तता को लेकर जरूर कोई न कोई बयान देता है। मकसद इतना ही है कि दोनों के बयान का सामूहिक प्रभाव विश्व जनमानस पर पड़े। अमरीका भारत का एक 'रोग स्टेट' की तरह का इमेज स्थापित करना चाहता है और सैम पित्रोदा उसकी सामाजिक संरचना को तार तार करने के प्रयास में लगा हुआ है। कांग्रेस का ही एक दूसरा वरिष्ठ नेता चरणजीत सिंह चन्नी, जो पंजाब में मुख्यमंत्री भी रह चुका है, कुलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादी हमले में हुए शहीद सैनिक का उपहास उड़ाता है। यूरोप की ईसाई मिशनरियां पिछले लम्बे अरसे से मांग कर रही थीं कि भारत सरकार अपनी जनगणना नीति में परिवर्तन करे। वह जनगणना जाति के आधार पर करे। इसका इन मिशनरियों को एक लाभ है। भारत की सामूहिक पहचान को धुंधला किया जा सकता है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष, सोनिया परिवार के अंतरंग, राहुल गान्धी के राजनीतिक गुरू सैम पित्रोदा ने भारत के लोगों के प्रति कांग्रेस की सोच को एक महत्वपूर्ण साक्षात्कार में प्रकट किया। सैम पित्रोदा अमरीका में रहते हैं। उन्होंने भारत के समाज शास्त्र को नए सिरे से पारिभाषिक करते हुए कहा कि पश्चिमी भारत में रहने वाले लोग अरबों जैसे हैं। पूर्वी भारत में रहने वाले लोग चीनियों जैसे हैं। दक्षिणी भारत में रहने वाले लोग अफ्रीकियों जैसे हैं।

दृष्टि कोण

# संसाधनों पर निजी अधिकारों का पेच, शीर्ष कोर्ट के समक्ष फिर लाया गया यह प्रश्न

**हर** व्यक्ति को जन्म के साथ ही प्रकृति से कुछ अधिकार प्राप्त होते हैं, जिनमें जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति के अधिकार सर्वोपरि हैं। इन निजी अधिकारों की रक्षा करना प्रकृति के नियमों की रक्षा करना है, जो नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत का मूल तत्व भी है। इस सामान्य नियम पर अक्सर विवाद होते रहे हैं कि भारत जैसे देश में संसाधनों या संपत्ति पर अधिकार समुदाय का है या फिर निजी व्यक्ति का। ऐसा ही प्रश्न एक बार फिर न्यायालय के समक्ष लाया गया है। संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) तथा (सी) के प्रावधानों की व्याख्या नौ-न्यायाधीशों की एक पीठ द्वारा की जाएगी, जो स्वाभाविक रूप से ऐतिहासिक होगी। लेकिन पहले इस विषय को समझ लेना जरूरी है। गौरतलब है कि कर्नाटक राज्य बनाम रंगनाथ रेड्डी, 1978 मामले में न्यायमूर्ति वी. आर. कृष्णा अय्यर ने कहा था कि संसाधनों पर समुदाय के स्वामित्व की संकल्पना में सभी प्राकृतिक व भौतिक संसाधन तथा सार्वजनिक और निजी संसाधन शामिल होंगे। प्रश्न यह है कि यदि निजी संसाधनों पर व्यक्ति का अधिकार सुरक्षित नहीं है, तो आज की आर्थिक रूप से उदारीकृत व्यवस्था में जब निजी निवेश जरूरी हो गया है, तो हम निवेशकों को कैसे प्रेरित कर पाएंगे? इस पर विचार करने से पहले यह देखना जरूरी है कि संविधान निर्माताओं ने सार्वजनिक और निजी अधिकारों को किस प्रकार संतुलित किया है और वर्तमान परिदृश्य में उसकी व्याख्या कैसे की जानी चाहिए। मूल संविधान में उदारवादी और समाजवादी, दोनों ही विचारों को शामिल किया गया है, जिसके आधार पर लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के साथ आवश्यकतानुसार संसाधनों के वितरण पर समान बल है। यही हमारे संविधान की सबसे बड़ी विशेषता है, जिसके लिए वह शासन व्यवस्था को निर्देश देता है, ताकि लोकतांत्रिक समाजवाद के लक्ष्य की प्राप्ति कर भारत को कल्याणकारी राज्य बनाया



जा सके। हालांकि हमने समाजवादी विचारों को शामिल करने की प्रेरणा सोवियत संघ से ली है, लेकिन भारतीय समाजवाद अपने आप में अनूठा है, क्योंकि इसमें उदारवादी गुणों का मिश्रण है। इसका अर्थ यह है कि संविधान संसाधनों का आवश्यकतानुसार वितरण कर लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करने का प्रावधान करता है। इसी कारण अनुच्छेद 39(बी) और (सी) में क्रमशः भौतिक संसाधनों पर समुदाय के स्वामित्व और उत्पादन के साधनों के कुछ लोगों के पास इकट्ठा होने पर रोक लगाने का प्रावधान है। इन्हीं समाजवादी सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए पहले संशोधन अधिनियम 1951 से अनुच्छेद 31 ए, 31 बी और नौवीं अनुसूची को जोड़ा गया था। राज्य द्वारा भूमि अधिग्रहण और उसके वितरण का प्रावधान करने के लिए भूमि सुधार अधिनियमों को नौवीं अनुसूची में शामिल कर उन्हें न्यायिक समीक्षा से छूट दी गई थी। इसी प्रकार, 25वें संशोधन से अनुच्छेद 31सी जोड़कर भूमि सुधार संबंधी निदेशक तत्वों, विशेष कर अनुच्छेद 39(बी) और (सी) को संरक्षण दिया गया है। दूसरी ओर, मूल संविधान में अनुच्छेद 31 के तहत व्यक्तियों को संपत्ति का मूल अधिकार देकर उदारवादी लोकतंत्र की स्थापना की गई थी। यानी व्यक्ति के निजी अधिकारों को भी समान महत्व दिया गया था। 1976 में 42वें संशोधन अधिनियम से संविधान की उद्देशिका में 'समाजवादी' शब्द जोड़े जाने के बाद उदारवादी लोकतंत्र और समाजवादी सिद्धांतों के बीच एक टकराव की स्थिति पैदा हो गई, क्योंकि समाजवादी देशों में संपत्ति पर निजी अधिकारों को वरीयता नहीं दी जा सकती है। इसी कारण, 44वें संशोधन अधिनियम, 1978 से इसे मूल अधिकार से हटाकर अनुच्छेद 300ए में एक कानूनी अधिकार बना दिया गया, ताकि राज्य विधि के तहत निजी संपत्ति का नियमन कर सके। पर इसका मतलब यह नहीं है कि देश में लोगों को निजी संपत्ति का अधिकार नहीं है और राज्य समुदाय के स्वामित्व के नाम पर उसका अधिग्रहण नहीं कर सकता है, जब तक कि संपत्ति निर्धारित सीमा से अधिक नहीं हो। ऐसी व्यवस्था जन कल्याण के उद्देश्य से की गई है। आज जब आर्थिक विकास में निजी निवेश की भूमिका अपरिहार्य हो गई है, इसके बिना जन कल्याण की परिकल्पना नहीं की जा सकती। भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि माना गया है और संसाधनों का वितरण अर्थात समाजवादी सिद्धांत उसकी प्राप्ति के साधन हैं। इसके अलावा, संपत्ति का अधिकार एक प्राकृतिक अधिकार भी है।

कुछ अलग

# लेकिन पुरस्कार ले लो...

**मुझे** विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि कुछ संस्थाएं मुझे पुरस्कृत करने का षड्यंत्र कर रही हैं। उनके एक-दो जासूस मेरा मन टटोलने को मेरे पास आए भी थे और कहा कि इस बार मैं ले लूं उनका पुरस्कार। लेकिन मैंने साफ मना कर दिया कि मुझे पुरस्कार नहीं लेना है। दरअसल पुरस्कार लेते हुए मुझे डर लगने लगा है। पुरस्कार लेने का मतलब गरीबी में आटा गीला करने के समान है। उनके पुरस्कार से तो बिना पुरस्कार के ही अच्छे हैं। लेकिन उनका दबाव है कि वे पुरस्कार मुझे कम लागत में दिला देंगे। यानी मालाएं व मंच उनका तथा सम्मान राशि एवं जलपान का खर्चा मेरा। मैंने कहा कि मेरे पास इस समय पैसा नहीं है। इस तरह फिलहाल मैंने टाल दिया है उनको। एक दूसरी संस्था के पदाधिकारी आए और बोले-'ऐसा करो सारी व्यवस्था हमारी, लेकिन सम्मान राशि कार्यक्रम के बाद हमें लौटानी पड़ेगी।' मैं बोला-'फिर ऐसे सम्मानित होने से क्या फायदा?' वे बोले-'अखबारों में आपके सम्मानित होने की खबरें छपेंगी तथा समाज में सम्मान बढ़ेगा।' मैं बोला-'सम्मान से क्या होता है। मुझे पैसा चाहिए। मैंने साहित्य की सेवा की है। मेरी कोई पहचान भी है तो मुझे सम्मान राशि भी दीजिए।' वे बोले-'आपकी बात तो सही है, लेकिन हमारी संस्था आर्थिक विषमता से जूझ रही है। पैसा दे नहीं सकती। आप ख्यातिप्राप्त हैं। हमारा वार्षिक आयोजन हो रहा है। हम किसी ऐसे गैरे नत्थू खैरे को सम्मानित नहीं करना चाहते। सम्मान की गरिमा बनाए रखना भी तो जरूरी है।' मैंने कहा-'जब मैं ख्याति प्राप्त कर चुका हूं तो मैं सम्मान राशि भी प्राप्त करना चाहूंगा। दरअसल मुझे पैसों की आवश्यकता भी है।' संस्था के पदाधिकारी बोले-'तो फिर ऐसा करो, आधी राशि आप मिला दें। आधी हम दे देंगे-लेकिन पुरस्कार ले लो।' मैं बोला-'देखो मुझे झांसे में मत लो। मुझे कोई पुरस्कार नहीं लेना। ऐसा पुरस्कार लेकर मुझे करना क्या है?' 'आप तो खामख्वाह जिद कर रहे हैं। आपसे पहले तो किसी ने पुरस्कार के लिए मना नहीं किया। हमने जो चैक दिया, वह हमें ही वादे के अनुसार वापस कर गए थे। विशाल सभागार में तालियों की गडग़ड़ाहट के मध्य आपको कोई ग्रामीण विकास मंत्री फूलों के हार पहनाएगा, यह कोई कम बात नहीं है।' वे बोले। मैंने कहा-'देखो इस समय मैं आपका यह पुरस्कार लेने की स्थिति में नहीं हूं। किसी और को पकड़ो। इस महीने मेरे खर्चे बहुत हो गए हैं।' वे बोले-'खर्चे की छोड़ो, आप थोड़ा चर्चे पर ध्यान दें तो हमारी समस्या का हल निकल जाए। हमारा निर्णायक मंडल आपके नाम पर सहमति जता चुका है। अब हम निर्णय से कैसे हट सकते हैं?' 'देखिए, यह आपकी समस्या है, मैं स्पष्ट बता दूं कि मुझे आपका पुरस्कार नहीं लेना है। पुरस्कार पूरे मान-सम्मान से राशि सहित मिले तो विचार कर सकता हूं।' मैंने कहा। इस बार वे गुस्से में तमतमाए और आंखें लाल करके बोले-'पुरस्कार तो आपको लेना पड़ेगा। हम आपको इतनी सस्ती दरों पर यह मुहैया करवा रहे हैं और आप इंकार कर रहे हैं। हमारे पास तीन सौ छत्तीस आते हैं पुरस्कार लेने वाले, लेकिन हमने तो आपको अपना समझ कर दिलवाया है। ऐसा करो, इस बार तो ले लो। केवल आपको दो हजार रुपए का खर्चा आएगा। बाकी हम भुगत लेंगे।' 'भाई, आप समझते क्यों नहीं। मैं कहां से लाऊं दो हजार। आप तो मेरे पीछे पड़ गए हैं। ऐसा करो साहित्यकार कजोड़ मल जी को दे दो। वे पैसे भी दे देगें।' मैंने कहा तो वे बोले-'तो कराओ बात। कजोड़ मल जी को दे देंगे। लेकिन उन्हें पूरे पांच हजार देने पड़ेंगे।' यह कह कर वे चले गए। मैं कजोड़ मल जी को ढूंढ रहा हूं-वे मिल नहीं रहे हैं, क्योंकि पुरस्कार मुझे तो लेना नहीं है।

देश दुनीया से

# खिलाड़ी तो प्रशिक्षक ही बनाएगा

**ओलंपिक** 2036 भारत में आयोजित करवाने की बात हो रही है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि इस स्तर पर भारत का प्रदर्शन भी उत्कृष्ट हो। इसलिए भारत में अच्छे प्रशिक्षकों को सही सुविधा व प्रबंधन देना बहुत ही जरूरी हो जाता है, क्योंकि खिलाड़ी सें उच्च परिणाम केवल प्रशिक्षक ही दिलाता है। आज का अभिभावक खेलों में भी अपने बच्चों का कैरियर देख रहा है क्योंकि खेल आज अपने आप में एक प्रोफैशन है। मानव ने विज्ञान में बहुत प्रगति कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा के क्षेत्र में नए-नए सफल शोध कर जीवनशैली को काफी आसान व सुविधाजनक बना लिया है, मगर शिक्षण व प्रशिक्षण में शिक्षक व प्रशिक्षक की भूमिका का महत्व आज भी वही है जैसा हजारों साल पहले था। महाभारत में कृष्ण सारथी नहीं होते तो क्या अर्जुन भीष्म, कर्ण व अन्य अजेय महारथियों को हरा पाता? विश्व स्तर पर किसी खेल विशेष में सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करने के लिए क्षमतावान प्रशिक्षक का होना बेहद जरूरी होता है। हमारे यहां खेल प्रशिक्षण के लिए वह वातावरण ही नहीं बन पाया है जिसमें प्रशिक्षक खिलाड़ी से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट परिणाम दिला सके। खेल प्रशिक्षण दस साल से भी अधिक समय तक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। इतनी समय अवधि खेल प्रशिक्षण को देकर ही खिलाड़ी अपने प्रदेश व देश को गौरव दिला पाता है। हिमाचल में लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम का कोई भी प्रावधान अभी तक नहीं बन पाया है। हिमाचल प्रदेश राज्य युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के प्रशिक्षकों को कभी विभिन्न विभागों की भर्तियों में ड्यूटी, तो कभी मेलों व उत्सवों में हाजिरी भरनी पड़ती है। खेल प्रशिक्षक की नियुक्ति ही उच्च खेल परिणामों के लिए की गई होती है, मगर यहां पर प्रशिक्षकों को केवल मल्टीपर्पज कर्मचारी बना दिया गया है। हिमाचल प्रदेश के अधिकतर प्रशिक्षकों का कार्य उच्च खेल प्रशिक्षण से हट कर अपनी फिटनेस तथा सेना में भर्ती कराने तक सीमित हो गया है। हिमाचल प्रदेश के मेलों व उत्सवों में किसी और खेल का प्रशिक्षक किसी और ही खेल की प्ले फील्ड में नजर आता है। इसी तरह पुलिस आदि विभागों की भर्तियों में एथलेटिक्स प्रशिक्षकों की ड्यूटी तो समझ आती है, मगर वहां तो हर खेल के प्रशिक्षक को भेज दिया जाता है। नियमानुसार इन भर्तियों के लिए एथलेटिक्स प्रशिक्षक ही सक्षम है क्योंकि इस टेस्ट में केवल एथलेटिक स्पर्धाओं को ही रखा गया है। ऐसे में एथलेटिक्स प्रशिक्षक की ड्यूटी तो समझ में आती है, मगर वहां अन्य खेलों, जैसे कुश्ती, मुक्केबाजी, हैंडबाल व वॉलीबाल आदि के प्रशिक्षक का क्या औचित्य है, इस बात का उत्तर किसी के भी पास नहीं है। विभिन्न सरकारों ने खेल ढांचे में काफी तरक्की भी की है, मगर क्षमतावान प्रशिक्षकों की नियुक्ति के बारे में हिमाचल में अभी तक कुछ भी नहीं हो पाया है। स्तरीय प्रशिक्षकों के बिना उत्कृष्ट प्रदर्शन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। जो प्रशिक्षक खेल प्रशिक्षण से दूर रह कर मौज-मस्ती कर रहा है, वह तो खुश रहता होगा, मगर जो सच ही में प्रशिक्षण करवा रहा होगा वह जब कई दिनों तक खेल मैदान से दूर रहेगा तो फिर कौन अभिभावक अपने बच्चे को बिना प्रशिक्षक के मैदान में भेजेगा। हद तो तब हो जाती है जब राज्य में चल रहे खेल छात्रावासों में नियुक्त प्रशिक्षकों की ड्यूटी भर्तियों में लगा दी जाती है और खेल छात्रावास में रह रहे खिलाडियों को भी खेल प्रशिक्षण से दूर कर दिया जाता रहा है। क्या प्रतिभा खोज से चयनित इन अति प्रतिभाशाली खिलाडियों को प्रशिक्षक से कुछ समय के लिए ही सही, इस तरह प्रशिक्षण कार्यक्रम से दूर करना कहां तक उचित है? खेल छात्रावासों में नियुक्त प्रशिक्षकों की ड्यूटी खेल प्रशिक्षण के सिवा और कहीं भी नहीं होनी चाहिए। आजकल हर शिक्षित मां-बाप के दो और कई जगह तो एक ही बच्चा है, ऐसे में वह उसे उस क्षेत्र में उच्चतम शिखर तक ले जाना चाहता है जिसमें बच्चे की रुचि व उस क्षेत्र के लिए पर्याप्त प्रतिभा भी हो। आज का अभिभावक अपने बच्चों के कैरियर की खातिर ही सरकार की मुफ्त शिक्षा सुविधाओं को छोडक़र निजी क्षेत्र की महंगी मगर अधिक गुणवत्ता वाली शिक्षा के लिए लाखों रुपए खर्च कर रहा है। आज लाखों प्रतिभाशाली विद्यार्थी निजी कोचिंग संस्थानों में डाक्टर व इंजीनियर बनने इसलिए जमा दो की परीक्षा से कई वर्ष पहले पहुंच रहे हैं। इसी तरह अब खेल क्षेत्र में भी हो रहा है। अभिभावक अपने बच्चों के लिए खेलों में भी कैरियर तलाश रहा है और इस सब के लिए अच्छी खेल सुविधाओं के साथ-साथ उच्च स्तरीय प्रशिक्षक भी लगातार कई वर्षों तक उसके बच्चों को मिलना चाहिए ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता बनने का सफर सफलतापूर्वक पूरा कर सकें।



आज का अभिभावक खेलों में भी अपने बच्चों का कैरियर देख रहा है क्योंकि खेल आज अपने आप में एक प्रोफैशन है। मानव ने विज्ञान में बहुत प्रगति कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा के क्षेत्र में नए-नए सफल शोध कर जीवनशैली को काफी आसान व सुविधाजनक बना लिया है, मगर शिक्षण व प्रशिक्षण में शिक्षक व प्रशिक्षक की भूमिका का महत्व आज भी वही है जैसा हजारों साल पहले था। महाभारत में कृष्ण सारथी नहीं होते तो क्या अर्जुन भीष्म, कर्ण व अन्य अजेय महारथियों को हरा पाता? विश्व स्तर पर किसी खेल विशेष में सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करने के लिए क्षमतावान प्रशिक्षक का होना बेहद जरूरी होता है। हमारे यहां खेल प्रशिक्षण के लिए वह वातावरण ही नहीं बन पाया है जिसमें प्रशिक्षक खिलाड़ी से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट परिणाम दिला सके।

आप का नजरीया

# चलते सिक्कों के नाम

**उम्र** की गलियों में जो तसदीक हो गए, वो चिनार अब पतझड़ के लिए ही हैं। राजनीति चलते सिक्कों का नाम है और यही राष्ट्र से प्रदेश तक के चुनावों में देखा जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में हिमाचल में लोकसभा से विधानसभा के उपचुनावों में कांग्रेस व भाजपा के उम्मीदवारों के चयन में प्रयास और कयास रहा। संगठन के कारण भाजपा ने अपने सिक्के जल्दी उछाले, जबकि कांग्रेस के लिए उपचुनावों में संगठन की तफतीश हो गई। यही वजह है कि भाजपा ने उपचुनावों में अपना सिक्का जमाने के लिए मूल कांग्रेसियों का भाजपा में अवतरण का महोत्सव बना डाला। बेशक यह दांव मुश्किल व चुनौती से भरा नजर आया, लेकिन भाजपा ने कांग्रेस के कुछ सिक्के छीन कर चुनावी आकाश में उछाल दिए। कम से कम कांग्रेस इन्हें खोटा नहीं कह सकी, भले ही इन्हें बागी कहे या इनके बीच सरगना खोजती रहे। कांग्रेस से छिटक कर भाजपा के उम्मीदवार बने नेताओं ने सियासत का मनोविज्ञान बदला है और इसका असर उनके भविष्य व पार्टियों के परिदृश्य को नए सिरे से पढ़ रहा है। टिकट आबंटन के चक्रब्यूह में भाजपा ने सियासत की शतरंज को भी हैरान किया है, लेकिन कल इसी बिसात पर चुनावी परिणाम की अपनी एक हैसियत होगी। उपचुनाव में एक भी सीट जीतने पर भाजपा की सफलता का परिणाम सोलह प्रतिशत का लाभ देगा। जाहिर है इस हानि का भागीदार वक्त कांग्रेस के लिए महंगा साबित हो सकता है। इसलिए भाजपा के पास कांग्रेस के सिक्के हैं, तो दूसरी ओर कांग्रेस ने भी भाजपा के दो सिक्के आजमाते हुए डा. राम लाल मार्कंडेय को उछाल कर फेंक दिया। ऐसे में अनुराधा राणा का लाहुल-स्पीति से उम्मीदवार बनना नई करवटों का संगम है। सियासत के शिखर और सियासत के सिफर में अंतर केवल वक्त, विमर्श, वकालत और बगावत का है। हिमाचल में बागी या बगावत न होती, तो छह उपचुनाव या निर्दलयों के इस्तीफे अदालत में न होते। बहरहाल चुनावों की देहरी पर आकर राजनीतिक पार्टियों का व्यवहार असामान्य होने की वजह सत्ता की अंगुलियां चलाने जैसा हो जाता है। ऐसे में हर चुनाव को उम्मीदवारों की ताजगी चाहिए, लेकिन यह असंभव होता जा रहा है। जिस तरह चुनावी पांव से पाजेब लंबी होती जा रही है, उसी तरह कोई भी वरिष्ठ नेता अपनी विरासत नहीं छोडऩा चाहता। भाजपा ने मार्गदर्शक मंडल बना कर प्रेम कुमार धूमल व शांता कुमार सरीखे नेताओं के योगदान को पिंजरे में बंद कर दिया, लेकिन कांग्रेस अपनी सरकार की काबिलीयत में चंद्र कुमार या धनी राम शांडिल की उम्र पर गौर नहीं करती। इसी संदर्भ में डा. राम लाल मार्कंडेय भी खुद को राजनीतिक उम्र में संभालने के लिए भाजपा से दूर, कांग्रेस से मजबूर होकर अब निर्दलीय होकर जौहर दिखाना चाहते हैं। क्या राजनीति लोकतंत्र के लिए चुनाव का व्यवहार ओढ़ती है या सत्ता के निष्कर्ष में खुद को संभालती है। जो भी हो, हिमाचल इस समय केवल दो राजनीतिक पार्टियों में ही नहीं बंटा, बल्कि जनता के उसूल, सत्ता के कबूल और उम्मीदवारों के रसूख पर भी मत विभाजन होगा। राजनीतिक शिथिलता अगर जनता को पसंद नहीं, तो सत्ता के संघर्ष में नेताओं के प्रदर्शन पर भी वोटों की मंडी बंटी हुई नजर आती है।

## बिहार कांग्रेस के प्रवक्ता विनोद शर्मा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा

**पटना ( हिंस )।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की वोटिंग से पहले बिहार कांग्रेस को झटका लगा है। पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता विनोद शर्मा ने पार्टी का हाथ छोड़ दिया है। उन्होंने शनिवार को इससे संबंधित एक पत्र पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भी भेज दिया है, जिसमें पार्टी छोड़ने के कई कारण गिनाए हैं। प्रवक्ता विनोद शर्मा ने खड़गे को लिखे पत्र में कहा है कि कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता तथा प्रवक्ता एवं सह संयोजक मीडिया भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पद से इस्तीफा देता हूं। उन्होंने कारणों का जिक्र करते हुए लिखा है कि बिहार में कांग्रेस पार्टी ने जंगलराज पार्ट-2 की शुरुआत के लिए राजद के सामने घुटने टेक दिए तथा भारत तेरे सौ-सौ टुकड़े होंगे का नारा लगाने वाले को दिल्ली से लोकसभा का उम्मीदवार बनाया। विनोद शर्मा ने लिखा है कि कांग्रेस पार्टी का वर्तमान नेतृत्व (सोनिया गांधी, राहुल गांधी) पूरे देश में खोटे सिक्के और धन कुबेरों को आगे बढ़ाना चाहता है, जिससे पार्टी पूरी तरह से समाप्त हो रही है।

# घर-घर जाकर अपील करें हमें राम भक्त चाहिए राम विरोधी नहीं : योगी आदित्यनाथ

**कानपुर देहात ( हिंस )।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिये शनिवार देर शाम से चुनावीं सभाओं का सिलसिला थम जाएगा। जिससे पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कन्नौज लोकसभा के झींझक में जनसभा करके भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगा। उन्होंने जनता से अपील की है कि वह लोगों के घरों में जाकर मोदी जी के लिये वोट मांगे और अपील करें कि हमें राम भक्त चाहिए राम विरोधी नहीं। लोकसभा चुनाव के तीन चरणों के बाद अब चौथे चरण के चुनाव 13 मई को होने वाले हैं, जिसको लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपने स्टार प्रचारकों को सभी लोकसभाओं में प्रचार के अंतिम समय के लिए लगा दिया है। शुक्रवार को इंडिया गठबंधन से राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा के झींझक में एक जनसभा कर गठबंधन को जिताने की अपील की थी। वहीं प्रचार-प्रसार के अंतिम दिन भाजपा के स्टार प्रचारक और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झींझक के चन्द्रभान डिग्री कॉलेज के पास करियाझाला तिराहा रसूलाबाद में आयोजित



जनसभा में पहुंचे। जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले धर्मगण बाबा को नमन किया। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में उप्र से 80 की 80 सीटें लानी हैं। उन्होंने कहा कि विकास है तो विरासत भी है। अयोध्या में राम मंदिर बन गया, ज्यादा से ज्यादा लोग मंदिर हो आये हैं। आज नई अयोध्या का दर्शन हो रहा है। श्री राम मंदिर के बनने में आपका योगदान रहा है। क्योंकि आपने ही दिल्ली और लखनऊ की सरकार अपने वोट से बनाई हैं। इस बार भी आपको अपना योगदान देना है। इस बार 500 वर्षों में पहली बार भगवान राम का सूर्य तिलक हुआ है। हमारी पीढ़ी भाग्यशाली है जो यह नजारा देखने के लिए हमको मिला है। नया भारत केवल बोलता नहीं है करके दिखाता है। भाजपा ने कहा था कि राम लला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे, जो करके भी दिखाया है। योगी ने कहा कि सपा ने राम भक्तों पर गोली चलवाई। अब मोदी जी के संकल्प के साथ जुड़ने का वक्त है। बीजेपी का संकल्प देश के लिए है। विपक्ष को सत्ता अपने परिवार के लिए चाहिए जिससे वह अपनी जेब भर सकें। सपा के समय में हर तीसरे दिन दंगे होते थे, कोई सुरक्षित नहीं था। अब नए भारत में बहन-बेटियां सुरक्षित हैं। माफियाओं के लिए प्रदेश में कोई जगह नहीं है। परम् राम भक्त पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की मृत्यु पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कोई संवेदना नहीं की। जब मुलायम सिंह जी का निधन हुआ मैं स्वयं गया था और प्रधानमंत्री ने सम्वेदना प्रकट की थी। अखिलेश माफियाओं के प्रति और आतंकवादियों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। एक तरफ राम भक्त हैं और एक तरफ राम द्रोही हैं जो देश और आपके खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं। मोदी जी के साथ जुड़कर एक आत्मनिर्भर और खुशहाल भारत बनाना है। भारत के अंदर सर्वत्र खुशहाली के लिये आपका समर्थन चाहिए। मुख्यमंत्री योगी ने सपा अध्यक्ष और इंडी गठबंधन पर चुटकी लेते हुए निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कन्नौज में कोई प्रत्याशी नहीं मिला गठबंधन को तो खुद अखिलेश यादव को यहां से मैदान में आना पड़ा। सपा सरकार में कन्नौज की सुगंध में दुर्गंध फैलाने का काम करते थे, उस वक्त प्रतिदिन दंगे होते थे। उप्र की भाजपा सरकार में सात वर्ष में कोई दंगा नहीं हुआ, कोई कर्फ्यू नहीं लगा। आज एक जनपद एक उत्पाद के माध्यम से देश प्रगति कर रहा है। 80 की 80 लोकसभा जितने के लिए आपका आशीर्वाद चाहिए। उन्होंने जनसभा में आए सभी लोगों से अपील की कि वह सभी लोगों के घरों में जाकर भाजपा के लिए वोट मांगे और लोगों से अपील करें कि हनको राम भक्त चाहिए राम विद्रोही नहीं।

## झारखंड में घुसपैठियों को संरक्षण दे रही झामुमो सरकार : नरेंद्र मोदी

**चतरा ( हिंस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को चतरा जिले के सिमरिया-टंडवा में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने चतरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में वोट मांगे और कहा कि झारखंड में झामुमो सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। गरीब आदिवासियों की बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है। मोदी ने कहा कि आज की भीड़ चार जनू के नतीजे बता रही है। इंडी गठबंधन वाले अपनी हार मान चुके हैं। कांग्रेस का पंजा दलितों, ओबीसी, एसटी और एससी का आरक्षण छीनने पर लगा है। उन्होंने धर्म के नाम पर आरक्षण का विरोध किया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे आज कल नया फॉर्मूला लेकर आ रहे हैं। वे आपकी संपत्ति की जांच कराएंगे। कितनी जमीन है, इसकी भी जांच की जाएगी। वे ऐसा कानून लाने वाले हैं। मोदी ने कहा कि आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति बनना देश के लिए अभिमान है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों ने राजकुमार राम को मर्यादा पुरुषोत्तम बना दिया था। इंडी गठबंधन ने झारखंड में सिर्फ अफीम उद्योग लगाया है। झारखंड सरकार इसे संरक्षण दे रही है। साथ ही कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। मोदी ने कहा कि हर घर जल पहुंचाने के लिए नल-जल योजना शुरू की गई है लेकिन झारखंड सरकार इसे रोकने में लगी है। झामुमो-कांग्रेस का एक ही एजेंडा है। न काम करेंगे और न करने देंगे। भ्रष्टाचार ही इनका मुख्य काम है। मोदी का काम रोकते रहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सांसद के पास से 300 करोड़ से अधिक कैश मिले। गिनने में मशीनें हाफने लग गयीं। इनके ठिकानों से नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं। उन्होंने इतने पैसे कभी नहीं देखे। मोदी ने कहा कि एनडीए लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव में भी शानदार जीत दर्ज करेगा।

# रीट परीक्षा बंद नहीं होगी, बल्कि इसे सरल बनाने पर किया जा रहा विचार : दिलावर



**जयपुर ( हिंस )।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को रीट (राजस्थान एलिजिबिलिटी एग्जामिनेशन फॉर टीचर्स) को लेकर बड़ा अपडेट देते हुए कहा कि युवाओं का ज्यादा से ज्यादा समय बचे और भर्ती प्रक्रिया ज्यादा सरल बन सके, इस संबंध में विचार किया जा रहा है। उन्होंने यह कभी नहीं कहा कि रीट बंद हो रही है, बल्कि यह कहा है कि युवाओं का अधिक से अधिक समय कैसे बच सकता है, इस पर विचार किया जा रहा है। क्योंकि बीएड की परीक्षा और उससे पहले पहले और बाद में दो-तीन और परीक्षाएं होती हैं। इसके बाद भी यदि नौकरी नहीं लगती है तो युवाओं को बहुत परेशानी आती है। जवानी के चार-पांच साल बर्बाद हो जाते हैं, इसलिए शिक्षक भर्ती प्रक्रिया पर विचार किया जा रहा है। प्रदेश में शिक्षक भर्ती को लेकर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की ओर से एक कंपटीशन एग्जाम के जरिए शिक्षकों का चयन किए जाने को लेकर आए बयान के बाद से युवाओं में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। इनमें सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या रीट परीक्षा होगी या नहीं, इस संबंध में शिक्षा मंत्री ने अपने बयान को स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में हालांकि अभी कुछ फाइनल नहीं हुआ है। इसके लिए लीगल राय ली जाएगी, मंत्रिमंडल की समिति बनेगी, उसमें विचार किया जाएगा। नए कंपीटीशन एग्जाम का क्या नाम होगा, इस पर अभी कोई विचार नहीं किया गया है।

# प्रधानमंत्री मोदी का पटना में रोड शो आज, मेगा शो बनाने की कोशिश में

**पटना ( हिंस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को राजधानी पटना की सड़कों पर भाजपा के समर्थन में रोड शो करेंगे। बिहार में पहली बार यह किसी प्रधानमंत्री का रोड शो होगा। भाजपा इसे मेगा शो बनाने की तैयारियों में जुटी है। प्रदेश भाजपा कार्यालय के मुताबिक रोड शो डाक बंगला चौराहा (श्रीराम चौक) से शुरू होगा। यह एसपी वर्मा रोड, एग्जीबिशन रोड चौराहा से उमा सिनेमा होते हुए कदमकुआं, साहित्य सम्मेलन, ठाकुरबाड़ी रोड और फिर उद्योग भवन पहुंचेगा। यहां रोड शो समाप्त होगा। प्रधानमंत्री के पटना आगमन और रोड शो को लेकर कई मार्गों पर वाहनों के परिचालन पर प्रतिबंध रहेगा। बताया गया है कि रविवार दोपहर बाद नेहरू मार्ग, एग्जीबिशन और फ्रेजर रोड पर वाहन नहीं चलेंगे। राज भवन, कदमकुआं, नाला रोड और अशोक राजपथ पर भी यातायात परिवर्तित रहेगा। शाम 6 बजे से पहले पटेल गोलंबर से एयरपोर्ट जाने वाले हवाई यात्रियों को टिकट दिखाकर जाने की अनुमित होगी। इसके बाद उन्हें वैकल्पिक मार्ग से एयरपोर्ट जाना पड़ेगा। पटना जंक्शन पर सिर्फ जीपीओ गोलंबर के नीचे से वाहनों के जाने की अनुमति होगी। यातायात पुलिस ने परेशानी से बचने के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए पटना जंक्शन जाने वाले यात्रियों से करबिगहिया छोर का प्रयोग करने की अपील की है। ट्रैफिक एसपी अशोक कुमार चौधरी ने बताया कि प्रतिबंधित मार्ग पर सिर्फ सरकारी वाहन, एंबुलेंस सहित आपातकालीन वाहन आ-जा सकेंगे। इस दौरान सभी मार्गों पर पर्याप्त संख्या में यातायात पुलिस की तैनाती रहेगी। राजधानी पटना और बाहर के लोग सगुना मोड़, राजा बाजार की ओर नेहरू पथ होकर



पटना जंक्शन जाने वाले वाहन नेहरू पथ में डुमरा चौकी से एयरपोर्ट होते हुए बीएमपी तिराहा, टमटम पड़ाव, अनिसाबाद गोलंबर से चितकोहरा, गर्दनीबाग से मीठापुर होते हुए जीपीओ फ्लाईओवर से ऊपर से करबिगहिया जा सकेंगे। राजीवनगर, पाटलिपुत्रा, दीघा, कुर्जी, बोरिंग रोड से पटना जंक्शन जाने वाले वाहन चालक अटल पथ से आर ब्लॉक होते हुए जीपीओ गोलंबर के नीचे से अथवा बोरिंग रोड चौराहा से लोहिया पथचक्र के नीचे से दारोगा राय पथ से वीरचन्द पटेल पथ से आर ब्लॉक होते हुए जीपीओ गोलम्बर नीचे से पटना जंक्शन पहुंच सकेंगे। पटना सिटी, गायघाट, आलमगंज की ओर से पटना जंक्शन जाने वाले वाहन गायघाट पुल नीचे से एनएमसीएच, अगमकुआं आरओबी के ऊपर से पुराना बाइपास से होते हुए राजेंद्र नगर टर्मिनल से चिरैयाटाड़ पुल होकर करबिगहिया की ओर जा सकते हैं। महेंद्रू और एनआईटी की ओर से पटना जंक्शन जाने के लिए मछुआ टोली चौक से दिनकर गोलम्बर, राजेन्द्र नगर आरओबी के ऊपर से पुरानी बाइपास होते हुए करबिगहिया की ओर जा सकेंगे। खेतान मार्केट, हथुआ मार्केट, नाला रोड की ओर से गांधी मैदान होकर पटना जंक्शन जाने वाले वाहन बारीपथ से होते हुए दिनकर गोलंबर से राजेन्द्र नगर आरओबी के ऊपर से राजेन्द्र नगर दक्षिणी गोलम्बर से राजेन्द्रनगर पुल के नीचे से पुराने बाइपास के रास्ते करबिगहिया की ओर जा सकेंगे।

# अखिलेश यादव की जनसभा से पहले कांग्रेस कार्यालय में समन्वय बैठक




**लखनऊ ( हिंस )।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण की लखनऊ और मोहनलालगंज के सपा प्रत्याशियों को जिताने के लिए अध्यक्ष अखिलेश यादव जनसभा करेंगे। 12 मई को अपराह्न 12 बजे के करीब मलिहाबाद मार्ग पर दुबग्गा स्थित मैदान में जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। जनसभा में कांग्रेस के भी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचें और सपा प्रत्याशियों के लिए चुनाव में प्रचार करें, इसके लिए कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में दोनों पार्टियों के पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठक हुई। कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में सपा के दोनों प्रत्याशियों लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा और मोहनलालगंज सीट से आरके चौधरी की मौजूदगी में समन्वय बैठक हुई। इस बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस के चुनाव प्रभारी अविनाश पांडेय ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा और कहा कि लोकसभा चुनाव के संग्राम में एक-एक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। चुनाव मैदान में गठबंधन के प्रत्याशियों की विजय के लिए सपा के कार्यकर्ताओं के साथ संयुक्त रूप से प्रचार, जनसभा, बूथ और मतदाता निकालने के लिए कार्य करना है। सपा प्रत्याशी आरके चौधरी ने हिन्दुस्थान समाचार से कहा कि लखनऊ और मोहनलालगंज लोकसभा सीटें गठबंधन की प्राथमिकता है। पहले जनसभा में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को भी रहना था। फिर दूसरे कार्यक्रमों के कारण राहुल गांधी जनसभा में नहीं रह पायेंगे। हमारे नेता और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव जनसभा को संबोधित करने वाले हैं। इसको लेकर कार्यकर्ताओं में पूरा जोश का माहौल व्याप्त है। वहीं जनसभा स्थल पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जय सिंह जयन्त और पदाधिकारी पहुंचें। उन्होंने जनसभा स्थल के आसपास स्वच्छता कार्य कराया। साथ ही स्थानीय सपा कार्यकर्ताओं को रात्रि में जनसभा स्थल पर ही रहने और कल अपराह्न 12 बजे तक मुस्तैद दिखने की अपनी बात कही।

## राजनाथ सिंह के लिए महंत देव्या गिरी ने किया हवन

**लखनऊ ( हिंस )।** भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के लिए उनके समर्थक प्रचार के अपने तौर तरीके अपना रहे हैं। इसी तरह प्रसिद्ध मनकामेश्वर महादेव मंदिर की महंत देव्या गिरी ने शनिवार को मंदिर परिसर में ही देश के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह की चुनाव में विजय के लिए हवन पूजन किया। महंत देव्या गिरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में लखनऊ सीट पर रक्षामंत्री व भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह की पांच लाख से ज्यादा अंतर से जीत की कामना करते हुए 151 आहुतियां देकर आज हवन किया गया है। हवन में घी, खीर और शाकला सामग्री देकर भगवान शिव से विजय की कामना की गई है।

# एनआईए ने जम्मू में छह स्थानों की ली तलाशी डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद

**जम्मू ( हिंस )।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने क्षेत्र में आतंक फैलाने की पाकिस्तान समर्थित साजिश के सम्बन्ध में शनिवार को जम्मू प्रांत में छह स्थानों पर तलाशी ली। तलाशी में हाइब्रिड आतंकवादियों, ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू), नवगठित शाखाओं और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के सहयोगियों से जुड़े समर्थकों और कैडरों से जुड़े परिसरों से डिजिटल उपकरणों और दस्तावेजों सहित आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि जम्मू और कश्मीर में स्टिकी बम, आईईडी और छोटे हथियारों आदि के साथ हिंसक हमले करने के लिए प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनकी शाखाओं द्वारा साजिश से संबंधित एक मामले में एनआईए टीमों द्वारा जम्मू संभाग के डोडा, रामबन और किश्तवा ? जिलों में व्यापक तलाशी ली गई। इसमें कहा गया है कि तलाशी में हाइब्रिड आतंकवादियों, ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू), नवगठित शाखाओं और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के सहयोगियों से जुड़े समर्थकों और कैडरों से जुड़े परिसरों से डिजिटल उपकरणों और दस्तावेजों सहित आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। एनआईए द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि इनमें लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), हिज्ब-उल-मुजाहिदीन (एचएम), अल-बद्र और अल-कायदा आदि शामिल हैं। एनआईए ने 21 जून, 2022 को इन संगठनों के साथ-साथ द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट जम्मू एंड कश्मीर (यूएलएफजेएंडके), मुजाहिदीन गढ़वत-उल-हिंद (एमजीएच), जम्मू और कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स (जेकेएफएफ), कश्मीर टाइगर्स, पीएएएफ और अन्य जैसे उनके नए लांच किए गए आतंकी नेटवर्क को नष्ट करने के लिए मामला दर्ज किया था। मामले की जांच के तहत एनआईए हाल के महीनों में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

## अग्निपथ योजना को कांग्रेस की सरकार बनते ही निरस्त किया जाएगा : यशस्विनी

**रांची ( हिंस )।** रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) की छात्र पंचायत में कहा कि भाजपा सरकार की ओर से चलाई जा रही अग्निपथ योजना को कांग्रेस की सरकार बनते ही निरस्त किया जाएगा। इससे युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है। सहाय शनिवार को नामकुम में एनएसयूआई नेता आरुषी वंदना के नेतृत्व में छात्र पंचायत में बोल रहीं थीं। सहाय ने कहा कि संवाद से ही समाधान निकलता है। छात्र पंचायत के माध्यम से छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर रही हूं। इससे उनकी समस्याओं को समझ कर समाधान निकाला जा सके। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पूरे देश के छात्र और नौजवान सबसे अधिक परेशान हैं।

# आतंकवाद खत्म नहीं हुआ अभी, वे पाकिस्तान में छुपे हैं : स्वतंत्र देव सिंह

**झांसी ( हिंस )।** आप क्या समझ रहे हैं कि आतंकवाद खत्म हो गया है आतंकवाद खत्म नहीं हुआ है मित्रों। वह मोदी के डर से पाकिस्तान में छुपे हुए हैं। कभी-कभी वह घटनाएं भी कर देते हैं। आज अगर जान जाए कि मोदी के साथ कुछ गड़बड़ हो सकता है तो कल से लाल चौक पर झंडा उतर जाएगा और भारत माता की जय बोलने वाला भी कोई नहीं मिलेगा। कांग्रेस की यह क्षमता नहीं कि वह जाकर लाल चौक पर झंडा फहरा दे। इसलिए कमल खिलाना है। यह कहना है जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का। वह झांसी के एक विवाहघर मे युवाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विपक्ष का डर दिखाते हुए कहा कि वे आएंगे तो टीका लगाना बंद करा देंगे। 2014 के बाद अगर बम फटा है तो पाकिस्तान में घुसकर किसी नेता ने मारा है तो वह नरेंद्र मोदी ने मारा है। इसके बाद बम नहीं फटता मित्रों एक झटके में सीधा 370 हटा दी जाती है और कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा झंडा फहराया जाता है। आप क्या समझ रहे हैं कि आतंकवाद खत्म हो गया है आतंकवाद खत्म नहीं हुआ है मित्रों। वह मोदी के डर से पाकिस्तान में छुपे हुए हैं। कभी-कभी वह



घटनाएं भी कर देते हैं। आज अगर जान जाए कि मोदी के साथ कुछ गड़बड़ हो सकता है तो कल से लाल चौक पर झंडा उतर जाएगा और भारत माता की जय बोलने वाला भी कोई नहीं मिलेगा। कांग्रेस की यह क्षमता नहीं कि वह जाकर लाल चौक पर झंडा फहरा दे। इसलिए कमल खिलाना है। जो अपने मोहल्ले में अभी घर पर बैठा हो और किसी के घर पर वोट मांगने ना गया हो। ऐसे कार्यकर्ता हाथ उठाएं जो घर पर बैठे-बैठे फतवा जारी करके भाजपा के पक्ष में वोट डलवा देते हैं। ऐसे कितने कार्यकर्ता है 5-6 लोगों ने हाथ उठाया।

# राजस्थान में बिजली गिरने से मां-बेटी सहित तीन की मौत

**जयपुर ( हिंस )।** प्रदेश में बीते 24 घंटे में बदले मौसम के मिजाज ने लोगों को गर्मी से राहत दी है। हालांकि मौसम के बिगड़े मिजाज ने तीन लोगों की जीवनलीला समाप्त भी कर दी। बूंदी जिले में आकाशीय बिजली कहर बनकर टूटी और तीन साल की मासूम समेत तीन लोगों की मौत हो गई। प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार देर रात से लेकर सुबह तक रुक-रुककर बारिश का दौर चला। जोधपुर के लोहावट क्षेत्र में चने के आकार के ओले गिरे। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बूंदी जिले के हिंडोली में रघुनाथपुर गांव में देर रात एक मकान पर आकाशीय बिजली गिरी। तेज धमाके के साथ बिजली गिरने पर ग्रामीण मकान की तरफ दौड़े। शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए लोग मकान में ठहरे थे जिसमें एक तीन साल के बच्चे और उसकी मां समेत 3 लोगों की मकान के मलबे में दबने से मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने मलबे में दबे दो घायलों को बाहर निकाला। बूंदी के हिंडोली क्षेत्र मे शुक्रवार रात को आकाशीय बिजली एक घर पर गिरी। छत की पट्टियां टूट गईं। इसके नीचे दबने से कमरे मे सो रहे कर्मा बाई (30), उनकी बेटी दिव्या (3) और कर्मा बाई के बहनोई (जीजा) बाबूलाल (45) पुत्र शुभकरण की मौत हो गई। इनके अलावा हीरा बाई गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। उन्हें बूंदी जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। कर्मा बाई अपनी बेटी के साथ पीहर और बाबूलाल ससुराल आए थे। हनुमानगढ़ के पल्लू में 11 मिलीमीटर, भादरा में 8, भीलवाड़ा के जहाजपुर में 12, फूलियाकलां 21, अलवर के राजगढ़ में 5, झुंझुनू के बुहाना में 18, मलसीसर में 5, गंगानगर के सूरतगढ़ में 4, दौसा के महुवा में 5, बेजुपाड़ा में 4, राजसमंद के देलवाड़ा में 6, खमनोर 11, अजमेर के पीसांगन में 15 और अजमेर शहर में 17 मिमी बारिश मापी गई। मौसम केंद्र ने शनिवार को प्रदेश के 15 से ज्यादा जिलों में 20 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चलने और मेघगर्जन के साथ कहीं कहीं हल्की बारिश व आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। वहीं अगले तीन दिन प्रदेश के कई जिलों में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश में जोधपुर के लोहावट क्षेत्र में देर रात चने के आकार के ओले गिरे। भीषण लू की मार झेल रहे लोगों को बदले मौसम ने राहत मिली। श्रीगंगानगर में तेज बारिश से कृषि मंडी में खुले में रखी जिंस भीगने पर किसानों को नुकसान हुआ। अजमेर, हनुमानग ?, अलवर समेत कई इलाकों में मेघगर्जन के साथ बारिश होने पर रात के तापमान में गिरावट आई। पिछले 24 घंटे के दौरान जयपुर, अलवर, झुंझुनूं, सीकर, उदयपुर, धौलपुर, करौली, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और चूरू समेत कई जिलों में बारिश हुई है। उदयपुर, झुंझुनूं और अलवर में कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे। इधर भीलवाड़ा, अजमेर, टोंक और केकड़ी के आसपास देर रात बारिश हुई। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि शनिवार को श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, सीकर, नागौर, जोधपुर, फलोदी समेत कई जगह तेज अंधड़ आने की आशंका है। इन जिलों में कहीं-कहीं 50 किलोमीटर या उससे ज्यादा तेज गति से हवा चल सकती है। इसके अलावा कुछ स्थानों पर मेघ गर्जना के साथ बिजली चमकने या गिरने की भी आशंका है। राजधानी जयपुर में बीते तीन चार दिन से भीषण गर्मी की मार झेल रहे शहर के बाशिंदों को देर शाम मौसम के बदले मिजाज ने राहत दिलाई। शहर में बादल छाए और ठंडी हवाएं चलने पर रात में गर्मी के तेवर थोड़े नर्म पड़ गए। शहर में सुबह से बादलों की आवाजाही बने रहने पर लोगों को धूप की तपिश से राहत मिली। देर रात तेज अंधड़ चलने पर शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रही। दुर्गापुरा, सांगानेर, महेश नगर, टोंक रोड समेत कई इलाकों में देर रात से गुल हुई बिजली आपूर्ति सुबह तक बहाल नहीं हो सकी।

## जैसलमेर के रामदेवरा में पेयजल संकट से जूझ रहे लोग : पाइपलाइन में सालों से नहीं आया पानी

**जैसलमेर ( हिंस )।** जिले के रामदेवरा ग्राम पंचायत और आसपास की ढाणियों, मुख्य कस्बे और राजस्व गांवों में स्थित जीएलआर में पानी की आपूर्ति नहीं होने से आमजन को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। ढाणियों में जीएलआर तो है, लेकिन पानी की पाइपलाइन से पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है। रामदेवरा में सोहनसिंह की ढाणी, रीखियों की ढाणी, पोकरपुरा, खुमाण सिंह की ढाणी, फिटको की ढाणी समेत विरमदेवरा, एका, मावा सहित नेशनल हाईवे के पास स्थित सभी ढाणियों और कस्बे के वार्डों में पानी की सप्लाई कई दिनों से बंद है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जलदाय विभाग के अधिकारियों को समस्या से बार-बार अवगत कराया जाता है, लेकिन आश्वासन देकर इतिश्री कर लेते हैं। धरातल पर समस्या का आज दिन कोई समाधान नहीं हुआ। पूछने पर हर बार ये ही कहा जाता है, काम चल रहा है। जल्द समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। एईएन भूराराम ने बताया-सोहन की ढाणी और



अन्य जगह जहां भी पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है, बात कर समाधान किया जाएगा। जेईएन कानाराम ने बताया कि ढाणियों में पेयजल आपूर्ति के लिए प्रयास किए जा रहे है। मामले में कार्रवाई की जाएगी। पीएचईडी कर्मचारी टीकम माली ने बताया-रामदेवरा में ढाणियों और दूर की जगहों में पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाएगी, क्योंकि वहां तक पाइप लाइन से पानी नहीं पहुंच पाएगा। इसके लिए अधिक दबाव वाली मोटर की जरूरत है। पानी के टैंकर से एक दिन की पूर्ति हो सकती है।



# पिता के सरकारी आवास में रहते हुए नहीं किया जा सकता एचआरए का दावा, सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

**नई दिल्ली।**

**हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि एक सरकारी कर्मचारी जो अपने पिता (एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी) को आवंटित किराए से मुक्त आवास में रहता है, वह किसी भी हाउस रेंट अलाउंस का दावा करने का हकदार नहीं है।**

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अपीलकर्ता के खिलाफ एचआरए वसूली नोटिस को बरकरार रखते हुए कहा कि जम्मू और कश्मीर सिविल सेवा (मकान किराया भत्ता और शहर मुआवजा भत्ता) नियम, 1992 के तहत, सेवानिवृत्त पिता द्वारा सेवानिवृत्त होने पर एचआरए का दावा नहीं किया जा सकता है। इसलिए अपीलकर्ता को 3,96,814/- रुपये का भुगतान करने के लिए वसूली नोटिस जारी करना उचित था, जिसे उसने पहले एचआरए दावा के रूप में हासिल किया था।


अदालत ने कहा, अपीलकर्ता एक सरकारी कर्मचारी होने के नाते, अपने पिता, एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी को आवंटित किराया-मुक्त आवास साझा करते हुए एचआरए का दावा नहीं कर सकता था। इस मामले में एचआरए वसूली के लिए जारी होने वाले आदेशों में कोई खामी नहीं हैं जिसके लिए हस्तक्षेप की आवश्यकता हो।

यह मामला उस अपीलकर्ता से संबंधित थे जो जम्मू-कश्मीर पुलिस में एक निरीक्षक (दूरसंचार), चौथी बटालियन थे, जो 30 अप्रैल 2014 को सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए थे। बाद में उन्हें अपने नाम पर देय बकाया मकान किराया भत्ते (एचआरए) की वसूली के संबंध में एक सूचना प्राप्त हुई थी।

उक्त वसूली नोटिस एक शिकायत के आधार पर जारी किया गया था जिसमें कहा गया था कि अपीलकर्ता सरकारी आवास का लाभ उठा रहा था और साथ ही एचआरए भी ले रहा था। अपीलकर्ता को नोटिस दिया गया था कि वह बिना हकदारी के एचआरए के रूप में उसके द्वारा निकाली गई 3,96,814/- रुपये की राशि जमा करे। अपीलकर्ता यह साबित करने में विफल रहा कि विचाराधीन घर उसके कब्जे में नहीं था, जिसके बाद वसूली नोटिस जारी किया गया था।

## न्यूज ब्रीफ

### दिग्गज निवेशक और अरबपति जिम साइमंस का निधन, उनकी बनाई कंपनी कहलाती है पैसा छापने वाली मशीन



नई दिल्ली। अरबपति निवेशक, गणितज्ञ और दानदाता जिम साइमंस का न्यूयॉर्क के मैनहट्न स्थिर घर पर निधन हो गया। सिमंस 86 साल के थे। वे वॉल स्ट्रील के सबसे सफल निवेशकों में एक थे। उनके निधन की पुष्टि उनके प्रवक्ता जोनाथन गैस्टाल्टर ने की। जिम साइमंस की बनाई रेनेसां टेक्नोलॉजीज को दुनिया की सबसे बड़ी पैसा बनाने वाली मशीन माना जाता है। साइमंस का जन्म 25 अप्रैल, 1938 को ब्रुकलाइन के बोस्टन उपनगर मे हुआ था। जिम साइमंस मैथ्यू साइमंस और मार्सिया साइमंस की एकमात्र संतान थे। उनके पिता फिल्म उद्योग में 20 सेंचुरी फॉक्स के लिए न्यू इंग्लैंड में बिक्री प्रतिनिधि के रूप में काम करते थे। शीत युद्ध के समय अमेरिकी सरकार के लिए कोड ब्रेकर के रूप में काम करने वाले साइमंस ने कभी भी इस रहस्य खुलासा नहीं कि उन्होंने अपने सबसे प्रसिद्ध फंड, मेडेलियन को एसएंडपी 500 इंडेक्स की तुलना में चार गुना से अधिक रिटर्न देने वाला फंड कैसे बनाया 1988 से 2023 तक, इस फंड ने मोटी फीस चुकाने के बावजूद लगभग 40 प्रतिशत का औसत वार्षिक रिटर्न दिया। इस रिटर्न के बूते साइमंस और उनके तीन सहयोगी अरबपति बन गए। उनकी अनुमानित संपत्ति 31.8 बिलियन डॉलर थी। वे दुनिया के 49 वें सबसे अमीर व्यक्ति थे। गणित एकमात्र विषय था जो मुझे पसंद था, सिमंस ने नंबरफाइल पॉडकास्ट के लिए 2015 के एक साक्षात्कार यह बात कही थी।


### पंजाब नेशनल बैंक के ग्राहकों के लिए जरूरी खबर, 31 मई तक केवाईसी करवा लें नहीं तो बंद हो जाएंगे खाते




नई दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने हाल ही में घोषणा की है कि कम से कम तीन साल से निष्क्रिय पड़े खाते और बिना बैलेंस वाले खाते एक जून से बंद कर दिए जाएंगे। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने कहा है कि यदि ग्राहक 31 मई, 2024 तक केवाईसी की प्रक्रिया (नो योर कस्टमर) पूरी नहीं कर लेते हैं तो पिछले तीन वर्षों से बिना किसी गतिविधि और बिना बैलेंस वाले खातों को बंद कर दिया जाएगा। इस तारीख के बाद खाताधारकों को आगे कोई नोटिस नहीं दिया जाएगा। हालांकि, बैंक ने बताया है कि कुछ खातों इस मामले में छूट दी गई है, यानी कुछ विशेष तर के खाते बंद नहीं होंगे। ये डीमैट खातों, लॉकर या सक्रिय स्थायी निर्देशों से जुड़े खाते हैं। 25 वर्ष से कम आयु के ग्राहकों, नाबालिग खातों, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, एसएसवाई, एपीवाई, डीबीटी जैसी विशिष्ट योजनाओं के लिए खोले गए खातों और अदालत के आदेशों, आयकर विभाग के आदेशों या अन्य वैधानिक प्राधिकरणों द्वारा फ्रीज किए गए खातों को भी छूट दी गई है। पीएनबी सुरक्षा जोखिमों से बचने और निष्क्रिय खातों का दुरुपयोग ना हो यह सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठा रहा है। खाते को पुनः सक्रिय करने के लिए, ग्राहकों को अपने निकटतम बैंक शाखा में आवश्यक केवाईसी दस्तावेज जमा करने होंगे।


### 23 मई को लांच होगी किआ की इलेक्ट्रिक कार ईवी 3

मुंबई। किआ अपनी नई इलेक्ट्रिक कार ईवी 3 लाने की तैयारी में है। 23 मई को ग्लोबली गाड़ी से पर्दा उठने वाला है। हाल ही में कंपनी ने इसकी कुछ तस्वीरें जारी की हैं, इसमें गाड़ी की खूबियों की जानकारी मिल रही है।



इलेक्ट्रिक कार में बॉक्सी रियर फेंडर और टेलगेट के साथ सिग्नेचर स्टार मैप लाइटिंग दी गई है, जो इसे आकर्षक लुक प्रदान करती हैं। यह गाड़ी इलेक्ट्रिक वोल्वो एक्स 30 को टक्कर देगी। इस इलेक्ट्रिक कार में एलईडी हेडलाइट्स, एलईडी डीआरएल, रिवर्स पार्किंग सेंसर, रूफ रेल जैसे फीचर्स को साफ तौर पर देखा जा सकता है। इसके अलावा इसमें ड्यूल टोन पेंट स्कीम का उपयोग किया जाएगा। इसके पूरे डिजाइन में ब्लैक इंसर्ट्स का इस्तेमाल किया गया है। किआ ईवी 3 इलेक्ट्रिक कार में 64 किलोवॉट प्रतिघंटा क्षमता की बैटरी मिल सकती है, जो 450 किलोमीटर के आस-पास रेंज देने में सक्षम होगी। फिलहाल इसके भारत में लांच की जानकारी नहीं है, लेकिन इस साल कंपनी की किआ ईवी 9 भारतीय बाजार में दस्तक देगी।

# शहरों में सुस्त रहेगा घरेलू खर्च, ग्रामीण इलाकों में पानी की तरह बहेगा पैसा



**ग्रामीण इलाकों में लोगों की बढ़ेगी कमाई**

**नई दिल्ली।**

**भारत का घरेलू खर्च वित्त वर्ष 2024-25 में सुस्त बनी रहने का अनुमान है। हालांकि, रूरल और लग्जरी खर्च में सुधार होने की उम्मीद है। यह बात स्विटजरलैंड की फाइनेंशियल सर्विसेज देने वाली रिपोर्ट इंडिया इकोनॉमिक पर्सपेक्टिव्स में कही गई है।**

#### क्या कहती है यूबीएस की रिपोर्ट

यूबीएस की रिपोर्ट का अनुमान है कि गुड्स और सर्विसेज पर घरेलू खर्च में ग्रोथ काफी कम रहेगी। इसमें पिछले साल के मुकाबले सिर्फ 4-5 फीसदी का उछाल दिख सकता है। साल 2011 से 2020 के दौरान इसमें 6.5-7 फीसदी का तेज उछाल दिखा। उसकी तुलना में यह ग्रोथ काफी सुस्त मानी जा रही है।

#### क्यों नहीं ज्यादा बढ़ेगा घरेलू खर्च

रिपोर्ट कुछ अहम वजहें भी बताती है, जिसके चलते घरेलू खर्च में मजबूत उछाल आने के आसार नहीं हैं। एक कारण यह है कि अब शहरों में रहने वाले लोग पहले की तरह खर्च नहीं करते, क्योंकि कंपनियां पहले की तरह वेतन नहीं बढ़ा रहीं। साथ ही, लोग अब घर को छोड़कर दूसरी चीजें खरीदने के लिए कर्ज भी ज्यादा नहीं ले रहे। यूबीएस की रिपोर्ट का यह भी कहना है कि अब बैंक कर्ज देने के मामले में ज्यादा सतर्क हो गए हैं।

#### लेकिन यहां पानी की तरह बहेगा पैसा

ओवरऑल खर्च में भले ही बड़ा इजाफा ना हो, लेकिन समाज के कुछ हिस्से महंगी चीजों की खरीदारी जारी रखेंगे। यूबीएस की रिपोर्ट के मुताबिक, रईस लोग पहले की पैसे उड़ाना जारी रख सकते हैं। वहीं, ग्रामीण इलाकों में भी घरेलू खर्च में कुछ तेजी आ सकती है। पिछले दिनों मौसम विभाग ने अनुमान जताया कि इस साल मानसून सामान्य से अच्छा रहेगा। अगर अच्छे मानसून से कृषि उपज बढ़ती है, तो ग्रामीण इलाकों में डिमांड में तेजी आ सकती है। अगर सरकार कृषि उत्पादों के निर्यात की इजाजत देती है, तो भी रूरल डिमांड बढ़ेगी। साथ ही, अगर रोड और बिल्डिंग बनाने जैसे प्रोजेक्ट बढ़ते हैं, तब भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को फायदा होगा।

### अक्षय तृतीया पर सोने और चांदी की बंपर खरीदी हुई, सोना 73 हजार, चांदी 85 हजार से अधिक

नई दिल्ली। अक्षय तृतीया पर देशभर में सोने-चांदी की बंपर खरीद हुई। जिससे दोनों ही धातुओं की कीमत में जोरदार उछाल भी दिखा। दिल्ली सराफा बाजार में सोना 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया तो चांदी 85 हजार से कहीं ऊपर पहुंच गई। विशेषज्ञों का कहना है कि आगे भी सोने-चांदी में तेजी रुकेगी नहीं और साल के आखिर तक दोनों के भाव नई ऊंचाई पर होंगे। दिल्ली सराफा बाजार में सोने की कीमत 950 रुपये की तेजी के साथ 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई. पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 2,300 रुपये उछलकर 85,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के एक वरिष्ठ विश्लेषक ने कहा कि दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोना 24 कैरेट 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा जो पिछले बंद भाव से 950 रुपये अधिक है। वैश्विक बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,360 डॉलर प्रति औंस पर रहा जो पिछले बंद भाव से 52 डॉलर मजबूत है। चांदी भी मामूली तेजी के साथ 28.60 डॉलर प्रति औंस पर रही। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 27.50 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी। अमेरिका में बेरोजगारी दावों के नवीनतम आंकड़ों से श्रम बाजार में सुस्ती के संकेत मिलने के बाद सोने में तेजी आई।

**गुणवत्ता खराब हुई तो मसाला कंपनियों का लाइसेंस होगा निरस्त**

# सरकार की सख्ती के बाद एफएसएसएआई ने जुटाए 1,500 से ज्यादा सैंपल



नई दिल्ली।

सरकार ने मसालों की गुणवत्ता के बारे में शिकायतें आने के बाद सख्त रवैया अपना लिया है। एक आला अधिकारी ने बताया कि अगर मसाला बनाने वाली कंपनी डिब्बाबंद मसाला उत्पादों में कीटनाशकों की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक रखी तो सरकार उसका लाइसेंद रद्द किया जा सकता है। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने देश भर से मसालों के 1,500 से अधिक नमूने एकत्र किए हैं। एफएसएसएआई फिलहाल इन नमूनों की जांच कर इनमें रसायन, सूक्ष्मजीव, माइक्रोटॉक्सिन्स, सूडान डाई और एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) सहित 234 कीटनाशकों की मात्रा का पता लगाने में जुट गई है। देश भर में एफएसएसएआई के 1,500 से अधिक परीक्षण केंद्र हैं। अधिकारी ने बताया कि इन नमूनों की जांच रिपोर्ट 15 दिनों में आ जाएगी। खाद्य नियामक ने बाजार में उपलब्ध मसालों की गुणवत्ता परखने के लिए 25 अप्रैल को पूरे देश में मुहिम शुरू की है। इससे पहले हॉन्ग कॉन्ग में सेंटर फॉर फूड सेफ्टी और सिंगापुर फूड एजेंसी ने भारत के दो मसाला ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट स्पाइसेस के मसाला उत्पादों में ईटीओ मौजूद होने का दावा किया था। इन शिकायतों के बाद एफएसएसएआई ने यह कदम उठाया है। सूत्रों ने कहा कि नियामक ने मसाला बनाने वाली सभी कंपनियों से नमूने एकत्र किए हैं। नियामक बाजार में उपलब्ध शिशु आहार के नमूने की भी जांच कर रहा है। सरकारी अधिकारी ने कहा कि इस जांच के नतीजे भी अगले 15 दिनों में मिल जाएंगे। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय और राष्ट्रीय बाल अधिकार सुरक्षा आयोग (एनसीपीसीआर) ने एफएसएसएआई को बाजार में मिल रहे शिशु आहार में चीनी की मात्रा जांचने के निर्देश दिए हैं। स्विट्जरलैंड की एक गैर-सरकारी संस्था (एनजीओ) पब्लिक आई की एक रिपोर्ट आने के बाद सरकार ने यह फैसला लिया है।

# रिजर्व बैंक वित्तीय वर्ष 2025 में सरकार को दे सकता है 1000 अरब रुपये, यूबीआई की रिपोर्ट में दावा




नई दिल्ली।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) वित्त वर्ष 2025 में सरकार को लगभग 1,000 अरब रुपये हस्तांतरित कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआई को वित्तीय वर्ष 2025 में भी एक मजबूत लाभांश भुगतान बनाए रखने की उम्मीद है। यह अनुमान पिछले वित्त वर्ष में हस्तांतरित 874 अरब रुपये से मामूली वृद्धि का प्रतिनिधित्व करता है। रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने आरबीआई, सरकारी बैंकों और वित्तीय संस्थानों के लिए वित्तीय वर्ष 2025 का लाभांश का बजट 1020 अरब रुपये रखा है। वित्तीय वर्ष 2024 में यह 1044 अरब था। हमारे विचार में, पिछले साल के कुल लाभांश के लिए प्रारंभिक बजट अनुमान जो केवल 480 अरब रुपये था को देखते हुए यह एक सकारात्मक आश्चर्य जैसा है। आरबीआई की लाभांश गणना को प्रभावित करने वाले कई कारकों जैसे ब्याज आय और विदेशी मुद्रा (एफएक्स) लाभ के बावजूद, विश्लेषकों ने मजबूत लाभांश आंकड़ों के बने रहने की भविष्यवाणी की है। आरबीआई की बैलेंस शीट का अधिकांश, लगभग 70 प्रतिशत, विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों का है, इसमें घरेलू सरकारी बॉन्ड का हिस्सा 20 प्रतिशत हैं।

# दाल, आलू और प्याज की लगातार बढ़ती कीमतों ने जायके पर डाला असर, वेज थाली महंगी... नॉनवेज सस्ती



नई दिल्ली।

दाल, आलू और प्याज जैसी खाद्य पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमतों ने लोगों के जायके पर असर डाला है। आलम यह है कि महंगाई का असर अब वेज थाली पर भी दिखने लगा है। क्रिसिल की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले एक साल में वेज थाली 4 प्रतिशत महंगी हो चुकी है। पिछले साल जिस थाली के लिए लोगों को 25.4 रुपये देने पड़ते थे, अब उसी थाली पर 27.4 रुपये खर्च करने होंगे। हालांकि नॉन वेज थाली 4 प्रतिशत सस्ती हुई है। अब इसकी कीमत 58.9 से घटकर 56.3 रुपये हो गई है। दाल, आलू और प्याज की लगातार बढ़ती कीमतों ने लोगों के जायके पर असर डाला है। प्रोटीन और कई विटामिन की अच्छी स्रोत कहे जाने वाली दाल की कीमत लगातार आसमान छू रही है। दिल्ली में अरहर दाल की कीमत में इस महीने लगभग 14 रुपये का इजाफा हुआ और इसकी 170 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई। वहीं प्याज की फसल भी इस बार मौसम की भेंट चढ़ गई। उत्पादन कम हुआ तो इसका असर बाजार में भी दिखने लगा और इस साल फरवरी के महीने में कीमतों में अचानक 40 प्रतिशत तक वृद्धि हो गई। पिछले दो दिनों में भी इसकी कीमतों में 3 से 4 रुपये का इजाफा हुआ है। आलू के साथ भी यही रहा, पैदावार कम हुआ तो उसका असर मार्केट पर भी पड़ा। और इसकी कीमत बढकर दिल्ली में 28 रुपये प्रति किलो हो गया है। इसके अलावा इस साल चुनाव है तो सरकार ने अपना चुनावी वादा पूरा करने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाकर चावल को खरीदा।

इसके अलावा इस वर्ष चावल के पैदावार में 4 प्रतिशत की कमी आई है। कीमतें बढने का एक कारण ये भी रहा।

#### सस्ती हुई नॉनवेज थाली

फरवरी- 2024 में मुर्गियों में फैले बर्ड- फ्लू जैसी बीमारी की वजह से लोगों ने चिकेन को खरीदना कम कर दिया था। जिस वजह से इसके दामों में 12 प्रतिशत तक की कमी आ गई। इसी वजह से इन थालियों की कीमत कम हो गई। वैसे तो इसका ज्यादा प्रभाव दक्षिण भारत के राज्यों रहा जहां 190 रुपये प्रति किलो बिकने वाला चिकेन 100 रुपये प्रति किलो पर आ गया। हालांकि मार्च के महीने में जब मांग बढ़ी तब इसकी कीमतों में 3 प्रतिशत का इजाफा हो गया। वेज और नॉन वेज थाली में जो एक अंतर है वो ये कि नॉन वेज में दाल की जगह चिकेन होता है, बाकी चावल, टमाटर, आलू ये सब इन दोनों थालियों में समान होता है।

# 28,200 मोबाइलों को ब्लॉक करने का निर्देश, कंपनियों से कहा- 20 लाख फोन कनेक्शनों की जांच करें



नई दिल्ली।

साइबर अपराधों और वित्तीय धोखाधड़ी में दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए दूरसंचार विभाग, गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस मिलकर काम करेंगे। दूरसंचार विभाग ने साइबर अपराधों में कथित संलिप्तता में 28,200 मोबाइल फोन ब्लॉक करने और 20 लाख मोबाइल कनेक्शनों का फिर से सत्यापन करने का दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को निर्देश दिया है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि संयुक्त प्रयास का मकसद ठगों के नेटवर्क को ध्वस्त करना और नागरिकों को डिजिटल खतरों से बचाना है।

इसमें कहा गया है कि गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस के विश्लेषण से पता चला है कि साइबर अपराधों में 28,200 मोबाइल 'हैंडसेट' का दुरुपयोग किया गया। इन मोबाइल फोन के साथ करीब 20 लाख नंबरों का इस्तेमाल किया गया।

दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को देशभर में इन 28,200 मोबाइल फोन को ब्लॉक करने तथा इनसे जुड़े 20 लाख मोबाइल कनेक्शन का तत्काल दोबारा सत्यापन करने और सत्यापन में नाकाम रहने पर कनेक्शन काटने के निर्देश दिए। संदिग्ध संदेश भेजने में लिप्त 52 संस्थाएं काली सूची में विभाग ने दूरसंचार धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों के निपटारे के लिए दो महीने पहले 'चक्षु' प्लेटफार्म पेश किया था। इस पोर्टल के लॉन्च होने के बाद से संदिग्ध एसएमएस भेजने में लिप्त 52 संस्थाओं को काली सूची में डाला जा चुका है जबकि देशभर में 348 मोबाइल हैंडसेट को ब्लॉक किया गया और 10,834 संदिग्ध मोबाइल नंबरों को दोबारा सत्यापन के लिए चिह्नित किया गया। इस साल 30 अप्रैल तक 1.66 करोड़ मोबाइल कनेक्शन काटे गए इसके अलावा, दूरसंचार विभाग ने साइबर अपराधों और वित्तीय धोखाधड़ी या नकली या जाली दस्तावेज पर लिए गए मोबाइल कनेक्शन में शामिल होने के कारण 1.58 लाख यूनिक मोबाइल डिवाइस पहचान संख्या आईएमईआई को ब्लॉक किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस साल 30 अप्रैल तक विभाग ने 1.66 करोड़ मोबाइल कनेक्शन काटे, जिनमें से 30.14 लाख उपयोगकर्ताओं की प्रतिक्रिया के आधार पर और 53.78 लाख नए सिम कार्ड खरीदने की व्यक्तिगत सीमा पार करने के कारण काटे गए।

### लग्जरी घरों की बिक्री 5 साल में तीन गुना बढ़ी; किफायती मकानों की बिक्री में 17 फीसदी की आई गिरावट



नई दिल्ली। देश में महंगे मकानों की मांग में जबरदस्त तेजी आ रही है। पिछले पांच साल में लग्जरी घरों की बिक्री सात फीसदी से तीन गुना बढ़कर 21 फीसदी पर पहुंच गई है। सस्ते मकानों की बिक्री 37 फीसदी से 17 फीसदी घटकर 20 फीसदी पर आ गई है। एनारॉक की जारी रिपोर्ट के अनुसार, इस साल जनवरी-मार्च में शीर्ष सात शहरों में कुल 1.30 लाख घर बिके हैं। इनमें 27,070 मकान यानी 21 फीसदी लग्जरी रहे हैं। सबसे ज्यादा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 15,645 मकानों की बिक्री हुई है, जो कुल बिक्री का 39 फीसदी है। इनकी कीमत 1.5 करोड़ से पांच करोड़ रुपये के बीच रही है। 2024 की पहली तिमाही में शीर्ष-7 शहरों में लगभग 1,10,860 घर लॉन्च हुए। 28,020 मकान (25 फीसदी) लग्जरी थे। सिर्फ 19,980 यानी 18 फीसदी सस्ते वाले मकान थे। पांच साल पहले 2019 की समान अवधि में इन शहरों में 70,480 घर बने। तब सस्ते मकानों की हिस्सेदारी 44 फीसदी थी। लग्जरी का सिर्फ 9 फीसदी हिस्सा था। कोरोना के बाद से बड़े घर की मांग बढ़ी रिपोर्ट में कहा गया है कि कोरोना के बाद सस्ते मकानों की मांग कम हो गई। अब लोग बड़े घर तलाश रहे हैं। यही कारण है कि ऐसे मकानों की कीमतें भी बढ़ी हैं।

# काम के हैं कार में आने वाले ये फीचर्स...

हर बढ़ते सेकेंड के साथ टेक्नॉलोजी में भी चौतरफा विकास हो रहा है। गाड़ियों में भी अब नए फीचर्स आ रहे हैं और इन फीचर्स का इस्तेमाल करना अब एक तरह से समय की मांग बन चुका है। जानते हैं ऐसे ही कुछ फीचर्स के बारे में जिन्हें आप अपनी कार में लगाकर बेहतर और सेफ ड्राइव का मजा ले सकते हैं।

### रिवर्स कैमरा

अमूमन सभी लोगों को गाड़ी रिवर्स करने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में रिवर्स कैमरा इस काम में काफी मददगार साबित हो रहा है। यह फीचर अभी से ही कई गाड़ियों में आने लगा है। कैसरा के जरिए कार के डैशबोर्ड में लगी स्क्रीन पर आपको तस्वीरें साफ नजर आती हैं। इससे गाड़ी को रिवर्स करने में भी आसानी होती है और यह सेफटी के लिहाज से भी बेहतरीन है। इस फीचर का खर्चा लगभग 5000 रुपये तक का होता है।

### टायर प्रेशर सेंसर

कार का टायर का पन्चर होना हमें सबसे ज्यादा परेशान करता है। ट्यूबलेस टायर्स के भी पंचर होने की संभावना बनी रहती है। ऐसे में टायर सेंसर फीचर बहुत कारगर साबित होगा। इसके जरिए टायर की हेल्थ को आप खुद मॉनिटर कर पाएंगे और अगर कहीं उसके पन्चर होने के हालात होंगे तो इसकी जानकारी आपको पहले से ही मिल जाएगी। यह फीचर कुछ कार्स में कंपनी की तरफ से ही दिया जाता है। वहीं जिनकी कार में यह नहीं है वे इस लगभग 10 हजार रुपये तक खर्च करके लगवा सकते हैं।

### ऑटोमैटिक वाइपर्स और हेडलैंप्स

यह फीचर भी अब ज्यादातर गाड़ियों में आने लगे हैं। सेंसर्स बारिश और अंधेरे को भांप लेते हैं जिसके जसके बाद वह अपने आप चालू हो जाते हैं।



### एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कारप्ले सपोर्ट

इंफोटेनमेंट सिस्टम्स अमूमन सभी गाड़ियों में आते हैं लेकिन बहुत कम ही अच्छी सर्विस दे पाने में अभी तक कामयाब हो सके हैं। एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कारप्ले आपकी गाड़ी के इस फीचर को बेहतर बना सकते हैं। यह दोनों ही वॉइस कंट्रोल के जरिए कार के नेविगेशन, म्यूजिक, कॉलिंग और मेसेजिंग फीचर्स को डैशबॉर्ड या कार के सिस्टम से ऑपरेट करने में अच्छी सुविधा देता है।

### गियर शिफ्ट इंडिकेटर

सही स्पीड पर सही गेयर लगाना बेहद जरूरी है। ऐसा नहीं करने से आपकी कार के खराब होने के चान्स बढ़ जाते हैं। गियर शिफ्ट इंडिकेटर आपकी इसी काम में मदद करता है कि आपको कितनी स्पीड पर कौनसे गेयर की जरूरत है।

### डोर ओपन अलर्ट

आपकी सेफटी के लिए यह बेहतद जरूरी है कि आप कार का दरवाजा लॉक रखें। यह फीचर किसी मामूली डोर इंडिकेटर की तरह नहीं होगा। इसमें आपको सभी दरवाजों के खुले होने का पता रहेगा और आप सीधे उस डोर को लॉक कर सकेंगे।

### टर्न हेडलैंप्स

ये हेडलैंप्स स्टीयरिंग व्हील को दाएं या बाएं घुमाने पर उसके मुताबिक ही घूमती हैं। यह फीचर उन रास्तों पर कार चलाने में काफी सुविधा और सुरक्षा देता है जहां रात के समय सड़कों पर लाइट्स नहीं होती। इसके अलावा पहाड़ी रास्तों पर भी गाड़ी चलाने में यह काफी मददगार साबित हो सकते हैं।


## जिंदगी का अनुशासित और सुचारु रूप...



नैतिक मूल्यों का आचरण ही इंसान का धर्म है। धर्म वह पवित्र अनुष्ठान है जिससे हमारे अंदर रही विकृतिओं का शुद्धिकरण होता है। धर्म वह तत्व है जिसके आचरण से व्यक्ति अपने जीवन को सही रास्ते पर चला पाता है। कर्म-कौशलता व्यवस्था-परिवर्तन वैज्ञानिक व तकनीकी विकास परिश्रम तथा निष्ठासह जीवन ही धर्म है। धर्म संप्रदाय नहीं है वरन अनुशासित जीवन हेतु बनाई गई एक व्यवस्था है। धर्म के ठेकेदारों ने संसार के प्रत्येक क्रियाकलाप को ईश्वर की इच्छा बता कर ए मनुष्य को ईश्वर के हाथों की कठपुतली बना कर रख दिया। इसका परिणाम ये हुआ कि इंसान की सारी मुसीबतों का कारण भाग्य अथवा ईश्वर की मर्जी ही है य इस भ्रमित कथन का चलन शुरु हो गया। बेवजह ही इंसान भाग्यविधाता के रुप में धर्म की जो व्याख्य धर्म के ठेकेदारों ने दिखाई उसी कथित मार्ग पर चल पड़ा। गलत कामों से पाप होता है और उस के कारण नरक मिलता है तथा अच्छे कर्मों से पुण्य मिलने पर स्वर्ग मिलता है की परिपाटी चल पड़ी। उन्होंने व्यक्ति के जीवन की आफतों को उसके ही कर्म से जोड़ दिया। अपने स्वार्थ के लिये उन्होंने पुरुषार्थवादी मार्ग के मुख्यद्वार पर ही ताला लगा दिया। इसकी परिणति यह हुई कि धर्म के ठेकेदारों ने इंसान की मुशीबतों को य उसकी नियति करार दे दिया और मनुष्य स्वयं भाग्यवादी बनकर अपनी सुख.दुःखात्मक स्थितियों से सन्तोष करता रहा। धीरे-धीरे धर्म की व्याख्या ही बदल गई।

## होम ट्रीटमेंट

# ऐसे करें डबल चिन की समस्या को दूर...



बढ़ते वजन के कारण शरीर के हर हिस्से में फैट जम जाती है। इसका असर चेहरे पर भी दिखने को मिलता है। ठुडड़ी के नीचे जमने वाली अधिक चर्बी को डबल चिन का नाम दिया जाता है। डबल चिन की वजह से चेहरा भद्दा सा लगने लगता है। इसी के साथ चेहरे की खूबसूरती भी फिकी पड़ जाती है। इसे छिपाने के लिए लोग बहुत से ट्रीटमेंट करवाते हैं लेकिन इनके कई नुकसान भी होते हैं। कुछ घरेलू तरीके आजमा कर और अपनी कुछ आदतों में बदलाव करके आसानी से डबल चिन की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है।

### विटामिन ई

डाइट में विटामिन ई से भरपूर चीजों को इस्तेमाल करें जैसे ब्राउन राइस, डेयरी प्रॉड्क्ट, नट्स, बींस, सोया आदि। इनके सेवन से शरीर के साथ-साथ ठुडड़ी की चर्बी भी दूर होती है।



### शुगर फ्री च्यूइंग गम

च्यूइंग गम चबाने से आपके जबड़ों की वर्जिश होती है और ठुडड़ी के नीचे जमी फैट बर्न होती है। शुगर फ्री च्यूइंग गम का इस्तेमाल करें।

### मसाज

रात को सोने से पहले किसी लोशन या तेल से ठुडड़ी की मसाज करें। मसाज करते समय ध्यान रखें कि हाथों को ऊपर की दिशा में ले जाएं। ज्यादा वजन होने के कारण कम वसा और कार्बोहाइड्रेट वाली चीजों का सेवन करें। रोजाना व्यायाम करें।

### नेक एक्सरसाइज

डबल चिन को दूर करने के लिए एक्सरसाइज करें। गर्दन को गोलाई में चारों ओर घुमाएं। इस व्यायाम को धीरे-धीरे 10 बार करें।

# सेल सीजन में खुद को लुटने से बचाना है तो यूं करें प्लानिंग

यह एक मौका होता है अपनी पसंद का सामना कम दाम में खरीदने का. लेकिन कई बार सेल के चक्कर में हम इतनी खरीददारी कर लेते हैं कि बाद में पछताना पड़ता है. सारी बचत और सेलेरी इस सीजन में कहां छू कर दी जाती है इस बात का अंदाजा बस कमरे में कपड़ों से भरी पड़ी अलमारी ही दे सकती है.




सेल सीजन शुरू हो गया है. हर तरफ सेल ही सेल के ऑप्श्न हैं. कहीं इसे सीजन सेल कहा जा रहा है, तो कही रीजन सेल. इससे हमें क्या, हमारे लिए तो जो मैटर करता है वह एक ही शब्द है- सेल. जी हां, इस सीजन में ज्यादातर शॉपिंग के शौकीन कुछ ऐसा ही सोचते हैं. यह एक मौका होता है अपनी पसंद का सामना कम दाम में खरीदने का. लेकिन कई बार सेल के चक्कर में हम इतनी खरीददारी कर लेते हैं कि बाद में पछताना पड़ता है. सारी बचत और सेलेरी इस सीजन में कहां छू कर दी जाती है इस बात का अंदाजा बस कमरे में कपड़ों से भरी पड़ी अलमारी ही दे सकती है. अगर आपके साथ ही हर सीजन सेल के दौरान यही होता है, और सेल के बाद आपको लुटा-लुटा सा महसूस होता है, तो आपको जरूरत है सेल के दौरान शॉपिंग की प्लानिंग करने की. क्या सोच रहे हैं कि यह प्लानिंग कैसे करती है!

### विश लिस्ट बनाएं

सबसे जरूरी है कि सेल का नाम सुनते ही आप बस बैग उठाकर खरीददारी करने न चल दें. सबसे पहले अपनी एक विश लिस्ट बनाएं. देखें कि आपको किन चीजों की जरूरत है और किनकी नहीं. जरूरी चीजों की एक लिस्ट बना लें और उसी सेक्शन में जाकर शॉपिंग करें.

### दोस्तों को साथ ले जाएं

दोस्तों को साथ लेकर जाना बचत का एक अच्छा ऑप्शन है. इसकी वजह यह है कि ऐसे में आप शोरूम में बिताने वाला समय डिवाइड कर देंगे. जहां अकेले जाने पर सारा टाइम आप सिर्फ अपने लिए शॉपिंग करते वहीं दोस्तों के साथ जाने का फायदा यह होगा कि शॉपिंग के दौरान उसी समय में आप सिर्फ अपने लिए नहीं दोस्तों के लिए भी चीजें पिक कर रहे होंगे. इससे आपका शॉपिंग बैग बड़ा होने से बच जाएगा.

### रिटर्न पॉलिसी करें चैक

कई बार हम यह सोचकर सामान ले लेते हैं कि सस्ता है घर जाकर ट्राई करेंगे. ठीक नहीं आया तो बदल लेंगे. अगर आप भी ऐसा ही सोचकर शॉपिंग करते हैं,तो पहले रिटर्न पॉलिसी चैक कर लें. कहीं लेने के देने न पड़ जाएं.


### बजट के रूल न तोड़ें

सबसे जरूरी है कि आप अपना एक बजट तय करें. यह न हो कि इस महीने की बचत का सारा पैसा आप शॉपिंग पर खर्च कर चुके हों और उसके बाद क्रेडिट कार्ड का नंबर लगा दें. अंत में बिल आपको ही भरना होगा इस बात को याद रखें.

### सब्र रखें


सेल का मतलब है कि आप अपना जरूरी सामान कुछ कम दामों में खरीद सकते हैं. यहां मिलने वाला सामान फ्री नहीं है. इसलिए सब्र रखें और जरूरत का सामना ही खरीदें.

## रिश्तों को कैसे बनाएं बेहतर?



रिलेशनशिप में वैसे तो तमाम परेशानियां होती है लेकिन अक्सर दो प्रमुख समस्याओं की वजह से बाकी परेशानियां शुरू होती हैं। पहला तो ये कि कुछ लोग ऐसे होते हैं जो दूसरों के बारे में बिल्कुल भी नही सोचते हैं। खासकर अपने पार्टनर के बारे में वह नही सोचते हैं। वह उसकी जरूरत और भावनाओं की कद्र नही करते हैं। ऐसे लोग सेल्फ फोकस्ड ज्यादा होते हैं। इससे आपका पार्टनर फ्रटेशन में आ जाता है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि आप खुद के साथ साथ अपने लाइफ पार्टनर को भी समझें। उसे भरोसे में लें। यदि आप ऐसा नही करते हैं तो रिश्ते कभी भी बेहतर नही हो पाएंगे। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने रिश्ते को संभालें और पार्टनर को पूरा सम्मान दें। क्यों कि कोई भी व्यक्ति कभी अकेला नही रह सकता है। उसे किसी न किसी लाइफ पार्टनर की जरूर पड़ती है। उन्हें प्यार की जरूरत पड़ती है। यदि यही प्यार के बजाए कड़वाहट घुल जाए तो रिश्ते ज्यादा दिन तक नही चल पाते हैं।

# इन फलों के छिलकों को फैंके नहीं इस तरह करें इस्तेमाल



फल खाने के बाद अक्सर इनके छिलकों को फैंक दिया जाता है लेकिन इन्हें फैंकने की बजाए घर को सजाने और लजीज व्यंजन बनाने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं। सिर्फ फल ही नहीं, अंडों और खजूर की गिटकों से भी खाने-पीने की चीजें बनाई जा सकती हैं। आइए जानिए बेकार छिलकों का कैसे इस्तेमाल किया जाए।

### 1. संतरे के छिलके

संतरे के छिलके से मोमबत्ती बना सकते हैं। इसके लिए संतरे को बीच में से काट लें और इस तरह से निकालें कि उसका छिलका खराब न हो। छिलके को एक कटोरी के रूप में अलग कर लें और इसके बीच में डोरी वाला धागा रख कर उसमें तेल डाल दें। अब इसे जला कर घर के किसी भी कोने में रख सकते हैं। यह मोमबत्ती का भी काम करेगा और इससे घर भी सुंगधित हो जाएगा।

### 2. आलू के छिलके

इन छिलकों को किसी पैन में रखें और उस पर थोड़ा-सा तेल, नमक और काली मिर्च डालकर अच्छे से मिक्स करें। अब इस पैन को 350 डिग्री तापमान पर आधे घंटे के लिए माइक्रोवेव में रखें। यह एक क्रिस्पी स्नैक्स बन जाएंगे जिन्हें शाम की चाय के साथ सर्व करें।

### 3. सेब के छिलके

सेब को खाने के बाद इसके छिलके और बीच वाले हिस्सों को फैंक दिया जाता है लेकिन इन्हें फैंकने की बजाए एक पैन में थोड़े-से पानी के साथ तब तक उबालें जब तक पानी का रंग लाल न हो जाए। अब इन छिलकों को बाहर निकाल लें और बचे हुए पानी में 1 कप चीनी मिलाकर एक उबाल आने दें। इसके बाद इसे किसी जार में डालकर रख लें और ठंडा होने पर जैम की तरह इस्तेमाल करें।

### 4. खजूर की गुठली

खजूर की गुठलियों को पैन में डालकर गहरा भूरा होने तक भूनें और मिक्सी में पीस कर इसका पाउडर बना लें। इस पाउडर को कॉफी की तरह इस्तेमाल करें।

### 5. अंडे के छिलके

अंडे के छिलकों को दो हिस्सों में तोड़ लें और एक-एक हिस्सा बेकिंग ट्रे में रखें। अब सभी अंडे के छिलकों में थोड़ा-थोड़ा तेल लगा दें। सभी छिलकों में केक का बैटर डालें और ऊपर से दूसरे छिलके से इसे बंद कर दें। इस ट्रे को 350 डिग्री पर 35 मिनट के लिए माइक्रोवेव में रखें। निकालने के बाद छिलकों में से अंडे के आकार के ही केक निकालें जो देखने और खाने दोनों में ही बहुत बढ़िया लगेंगे।

# इन चमत्कारी तरीकों से हटाएं फ्लोर टाईल्स के दाग-धब्ब

घर छोटा हो या बड़ा उसकी साफ-सफाई का खास ध्यान रखना पड़ता है। आजकल ज्यादातर घरों में टाइल्स के फर्श ही होते हैं जो बहुत जल्दी गंदी हो जाती हैं। हल्के रंग की टाइल्स होने की वजह से उन पर धूल-मिट्टी दूर से ही चमकने लगती है। कई बार चाय-कॉफी या खाने की कोई चीज इस पर गिर जाए और उसी समय उसे साफ न किया जाए तो दाग रह जाते हैं। ऐसे में टाइल्स को मेंटेन रखना बहुत जरूरी है। आइए जानिए कुछ ऐसे ही आसान तरीकों के बारे में जिससे टाइल्स को ज्यादा मेहनत किए बिना ही हर समय चमकदार रखा जा सके।

**पानी:** फर्श को साफ रखने के लिए पानी सबसे जरूरी है। टाइल्स पर जमा धूल-मिट्टी को साफ करने के लिए उसे पर पानी डालें और झाड़ू से अच्छी तरह साफ करें।

**ऑक्सीजन ब्लीच :** सफेद टाइल्स को हर दम चमकदार बनाए रखने के लिए 1 बाल्टी पानी में 1 चौथाई बाल्टी ऑक्सीजन ब्लीच मिलाएं और इससे फ्लोर को स्क्रबर या ब्रश से साफ करें। इससे टाइल्स दूध की तरह चमकने लगेंगी।

**सिरका :** टाइल्स पर किसी भी तरह के दाग लग जाएं और उन्हें पानी से साफ करना मुश्किल हो तो ऐसे में सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए 1 मग गर्म पानी में आधा कप सिरका मिलाकर टाइल्स को साफ करें।

**डिटर्जेंट पाउडर :** रोजाना पौंछा लगाते समय पानी में थोड़ा-सा डिटर्जेंट मिलाएं और फिर इससे टाइल्स को साफ करें। इससे उनमें हमेशा चमक बनी रहेगी।

**डिटर्जेंट पाउडर और अमोनिया :** कई बार टाइल्स पर मोम गिर जाती है जिसे साफ करना मुश्किल होता है। इसके लिए 1 कप डिटर्जेंट में आधा कप अमोनिया का घोल मिलाएं और इसमें 1 जग पानी मिलाएं। इस मिश्रण को दाग वाली जगह पर लगाएं और कठोर ब्रश से रगड़ें। इससे मोम के दाग आसानी से हट जाएंगे और कोई निशान भी नहीं पड़ेंगे।



## रेसिपी



### आम के पकौड़े

**सामग्री**

1. छोटे-छोटे टुकड़ों में कटे हुए 2 कच्चे आम
2. दो कप बेसन
3. 3-4 चुटकी बेकिंग सोडा
4. आवश्कतानुसार लाल मिर्च
5. आवश्कतानुसार ऑयल
6. 2 चम्मच अजवाइन

**विधि**

सबसे पहले एक बड़े बाउल में बेसन, लाला मिर्च पाउडर, अजवाइन, बेकिंग सोडा और नमक और आवश्कतानुसार पानी डालकर अच्छी तरह से मिलाएं, लेकिन ध्यान रखें कि यह पेस्ट ज्यादा पतला न हो। इसके बाद एक कढ़ाई में तेल डालकर धीमी आंच में गर्म करें। जब ये गर्म हो जाएं, तो आम के एक टुकड़े को फेटे हुए बेसन में डालकर कड़ाही में डालें और फ्राई कर लें। जब यह हल्के ब्राउन हो जाएं, तो इसे निकाल लें। आप पकौड़े बनकर तैयार है।



### गुजराती भाकरवड़ी

**सामग्री**

1 कप मैदा, 1/4 कप बेसन, 1/4 कप सूखा नारियल (कद्दूकस किया हुआ), 1/4 कप तिल, 3 चम्मच लाल मिर्च पाऊडर, नमक स्वादनुसार, तेल आवश्यकतानुसार

**विधि**

सबसे पहले मैदे में नमक और 1 चम्मच तेल मिला लें। उसके बाद इसमें पानी डालकर इसे नर्म आटे की तरह गूंथ लें। गूंथने के बाद इसे 3 घंटे तक ढाक कर रख दें। अब एक अन्य कटोरे में सूखा नारियल, लाल मिर्च पाऊडर, तिल और नमक डाल लें। इन सारे मिश्रण को अच्छी तरह आपस में मिला लें। गूंथे हुए आटे की बड़ी और मोटी आकार में रोटी बेल लें। अब रोटी के ऊपर पहले से बनाया गया बेसन का मिश्रण डाल दें। रोटी को गोल करके रोल कर लें। (जैसे चटाई को रोल करते हैं। रोटी को लपेट कर 10 मिनट के लिए साइड में रख दें। अब रोटी को तेल में डिप फ्राई कर लें। तलने के बाद इसे अपने मनपंसद आकार में काट लें। आपके गुजराती भाकरवड़ी तैयार है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**